Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 148 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शुक्रवार 01 दिसम्बर 2023 ● पृष्ठ : 10 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परलोक गमन के समय पैसा नहीं पूण्य काम आता है।

At the life of departure for next world not moneay but virtuous acts of use.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी लेंगे टी-20 का आनंद

**रायपुर (विसं)।** रायपुर के परसदा स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल भारत-आस्ट्रेलिया के बीच रोमांचक मैच खेला जाएगा। इस मैच की खुमारी क्रिकेट प्रेमियों में अभी से देखा जा रहा है। मैच के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा सभी 90 विधानसभा के प्रत्याशियों व कई वरिष्ठ नेताओं को भी न्योता दिया गया है। क्रिकेटरों के होटल से स्टेडियम पहुंचने तक विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। टिकट की दर महंगी होने के बाद भी बड़ी संख्या में क्रिकेट फैन्स ने टिकट खरीदी है। आज सुबह से ही इंडोर स्टेडियम में टिकट के लिए लंबी कतार लगी हुई है। सुबह 6 बजे से क्रिकेट प्रेमी कतार में खड़े हैं। बता दें कि 11 बजे टिकट काउंटर खुलेंगे, पर सुबह से कतारें लगी हुई है। बता दें कि क्रिकेट प्रेमी ऑनलाइन टिकट का प्रिंट लेने कतार में खड़े हैं।

### ईडी ने जम्मू-कश्मीर में आठ ठिकानों पर ली तलाशी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 223 करोड़ रुपये से अधिक की जम्मू-कश्मीर सहकारी बैंक धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में कई ठिकानों पर तलाशी ली। यह धोखाधड़ी रिवर झेलम कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी के नाम पर की गई थी। सोसायटी सिर्फ कागजों पर ही है। सूत्रों ने कहा कि वित्तीय जांच एजेंसी जम्मू-कश्मीर में आठ से अधिक ठिकानों पर तलाशी ले रही है। हालांकि, अधिकारी घटनाक्रम पर चुप्पी साधे हुए हैं। इससे पहले ईडी ने मामले में कार्रवाई की थी और कई लोगों से पूछताछ की थी। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

### सरकार ने संसद सत्र से पहले बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने संसद सत्र के सुचारू संचालन के लिए शनिवार को सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी संसद का शीतकालीन सत्र शुरु होने से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक 2 दिसंबर को संसद पुस्तकालय भवन में होगी। शीतकालीन सत्र 4 दिसम्बर को शुरु होगा और सरकारी कामकाज की उपलब्धता के अनुसार यह 22 दिसंबर तक चलेगा।

## तेलंगाना में 119 विधानसभा सीटों के लिए शाम 6 बजे तक हुआ 63.94 फीसदी मतदान





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों के लिए गुरुवार को मतदान सम्पन्न हो गया है. 6 बजे तक 63.94 फीसदी मतदान हुआ है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने चिंतामदका गांव में अपना वोट डाला। केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी हैदराबाद जिले के अंबरपेट में तेलंगाना विधानसभा चुनाव के दौरान परिवार के साथ वोट डाला।

इस चुनाव में 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं. राज्य के कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे. 106 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक तक होगा. जबकि 13 वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक वोट डाले गए. मतदान के लिए राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए. पूरे राज्य में 35 हजार 655 मतदान केंद्र बनाए गए. इस चुनाव में कुल 109 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल भाग ले रहे हैं.

मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज के मुताबिक, राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 2.50 लाख से अधिक कर्मचारी ड्यूटी पर लगाए गए हैं. बता दें कि तेलंगाना में पहली बार दिव्यांगों और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है.

राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीआरएस ने सभी 119 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि बीजेपी सीट बंटवारे के समझौते के तहत राज्य की 111 सीटों के लिए चुनावी मैदान में है. बाकी आठ सीटें बीजेपी ने अभिनेता पवन कल्याण की अगुवाई वाली जन सेना के लिए छोड़ी हैं. वहीं कांग्रेस ने अपनी सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को एक सीट दी है, जबकि बाकी 118 सीटों पर पार्टी ने अपने उम्मीदवारों को उतारा है.

वहीं असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) राज्य की सिर्फ 9 सीटों पर ही चुनाव लड़ ही है. तेलंगाना में कुल 2,290 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं. जिनमें से सीएम केसीआर, उनके बेटे और मंत्री केटी रामाराव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी और बीजेपी के लोकसभा सदस्य बी संजय कुमार और डी अरविंद का नाम भी शामिल है.

उल्लेखनीय है कि तेलंगाना से पहले चार राज्यों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है. आज तेलंगाना में वोट डाले जा रहे हैं. पांचों राज्यों में वोटों की गिनती 3 दिसंबर यानी रविवार को की जाएगी. तेलंगाना में इस बार मुख्य मुकाबला मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (BRS), बीजेपी और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है. इस बार चुनाव में किसको बहुमत मिलता है ये तो 3 दिसंबर को ही पता चलेगा. लेकिन चुनावी सर्वे में बीआरएस और कांग्रेस के बीच कड़ी मुकाबला बताया जा रहा है.

## एग्जिट पोल पर टीएस सिंहदेव ने कहा- हम 60 सीटों से सरकार बनाएंगे

**रायपुर (एजेंसी)।** एग्जिट पोल पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता टीएस सिंह देव ने कहा कि यह संतोष की बात है कि अनुमान कांग्रेस को आगे दिखा रहे हैं और मेरा मानना है कि कांग्रेस को लगभग 60 सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सीएम पर फैसला पार्टी हाई कमान लेगा। वे जो भी निर्णय लेंगे, हम स्वीकार करेंगे। विधानसभा चुनाव से पहले आज एग्जिट पोल का रिजल्ट आया है जिसके कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया गया है। हालांकि 2018 के मुकाबले में इस बार सीटों के नुकसान का दावा किया गया है।

## एग्जिट पोल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान



**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का एग्जिट पोल को लेकर बयान आया है। भूपेश बघेल ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ एग्जिट पोल के रिजल्ट पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए, हर हाल में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

रायपुर में गुरुवार शाम को एग्जिट पोल के नतीजों पर भूपेश बघेल ने कहा कि एग्जिट पोल पर ध्यान मत दीजिए, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। 57 सीटें जो कांग्रेस को दिखाई जा रही है वह रियल रिजल्ट में उलट जाएगा। यानी यह नंबर 75 हो जाएगा। चाहे तो आप इसमें भी 5 सीटें जोड़ लिया जाना चाहिए।

भूपेश बघेल से जब पूछा गया कि बीजेपी एक बार फिर से ऑपरेशन लोटस की तैयारी कर रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि वह तो बिल्कुल ही ऐसा करेंगे, लेकिन उनकी तैयारी धरी रह जाएगी। बीजेपी इस बार यहां ऐसा कुछ भी नहीं कर पाएंगे।

## भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आ रही है : अरुण साव

### एग्जिट पोल एक सीमित सेम्पल है, हमारा सेम्पल साइज बहुत बड़ा है : साव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने स्पष्ट बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने का भरोसा व्यक्त करते हुए कहा कि एग्जिट पोल सीमित सेम्पल साइज का होता है। भारतीय जनता पार्टी का सैंपल साइज बहुत बड़ा है। हमारे पास कार्यकर्ताओं की लंबी फेहरिस्त है मैं डेढ़ साल से पूरे छत्तीसगढ़ में घूम रहा हूं। एक-एक विधानसभा में गया। जनता से संवाद किया। कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उस आधार पर मैं बहुत स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि छत्तीसगढ़ में 3 दिसंबर को जब मतगणना होगी, तब भाजपा की सरकार बनेगी। कमल खिलेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा ने मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़ की जनता के सामने प्रस्तुत की है, लगातार हमारे केंद्रीय नेताओं के प्रवास हुए हैं, सभाएं हुई हैं और कांग्रेस सरकार की जो विफलताएं हैं, हर वर्ग की जनता को कांग्रेस की सरकार ने ठगने का काम किया, धोखा देने का काम किया। अपराध का गढ़ बना दिया। नशे का गढ़ बना दिया। भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया। विकास पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया। एक भी काम ऐसा नहीं किया, जिसे वह अपनी उपलब्धि बता सके। इसलिए 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने वाली है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि एग्जिट पोल एक अनुमान है। तब भी जिस तरह के रुझान एग्जिट पोल में सामने आए हैं, वे कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा सदमा हैं और भाजपा के इस विश्वास पर मुहर लगा रहे हैं कि जनता ने कांग्रेस को छुट्टी दे दी है। भाजपा को छत्तीसगढ़ के विकास और जनसेवा की जिम्मेदारी मिल रही है।

## 75 पार की बात करने वाले 40 से नीचे जाएंगे : डॉ. रमन सिंह



**रायपुर (विसं)।** एग्जिट पोल पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉक्टर रमन सिंह ने कहा है कि 75 पार करने वाली कांग्रेस 40 पर आकर रुकती दिख रही है। तीन तारीख के नतीजे चौकाने वाले होंगे। कांग्रेस इससे नीचे जा सकती है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी ने जो इंगित किया था, वह स्पष्ट हो गया।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज एग्जिट पोल दिखा रहा है कि 15 से बढ़कर बीजेपी 48 पर आ गई है। इस आंकड़े तक बीजेपी रुकने वाली नहीं है। बीजेपी 52 सीटों तक पहुंच सकती है। वहीं आगे रमन सिंह ने कहा कि 52-55 सीटों पर भाजपा बढ़त लेकर सरकार बनाएगी। वहीं 75 पार वाले 40 तक पहुंच गए हैं, 2-3 सर्वे में उन्हें 40 तक दिखाया जा रहा है लेकिन वे 75 पार कह रहे थे अब 40 पर आकर रुक गए हैं।

## लड़ाकू विमान तेजस और हेलिकॉप्टर प्रचंड खरीदने को मिली मंजूरी



### भारतीय वायुसेना की ताकत में होगा इजाफा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** डिफेंस एक्वीजिशन काउंसिल ने इंडियन एयरफोर्स के लिए 1.1 लाख करोड़ रुपए की खरीद को मंजूरी दे दी। इसके तहत 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस, 150 हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड खरीदे जाएंगे। इसके अलावा एसयू-30 लड़ाकू विमान के अपग्रेडेशन प्रोग्राम को भी मंजूरी दी गई है। दोनों फाइटर विमान स्वदेशी हैं। कुछ और रक्षा सौदों को भी मंजूरी दी गई है। तेजस मार्क 1-ए लड़ाकू विमानों को भारतीय वायु सेना के लिए और हेलिकॉप्टरों को वायु सेना और थल सेना के लिए हासिल किया जा रहा है। परिषद ने अतिरिक्त सौदों को भी मंजूरी दे दी है, इनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग दो लाख करोड़ रुपये है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 : 90 विधानसभाओं में 29 नवंबर तक सभी श्रेणियों के 103463 डाक मतपत्र प्राप्त




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 29 नवम्बर 2023 तक राज्य में 90 विधानसभाओं में अब तक सभी श्रेणियों के कुल 1,03,463 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी , निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से प्राप्त डाक मतपत्र और अनुपस्थित श्रेणी के 80+, दिव्यांग एवं अनिवार्य सेवा मतदाताओं के प्राप्त डाक मतपत्र सभी शामिल है।

सेवा मतदाताओं को जारी किये गए ईटीपीबी प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं, जिनकी संख्या 29 नवम्बर 2023 तक कुल 6169 है। सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी दिनांक 3 दिसंबर 2023 को मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व तक प्राप्त किये जाएंगे । प्रत्येक दिवस प्राप्त होने वाले इन ईटीपीबी को जिला स्तर पर अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में जिला मुख्यालय के ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाता है और इसकी संख्यात्मक जानकारी से सभी को अवगत कराया जाता है।

डाक मतपत्रों की कुल संख्या में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों / कर्मचारियों के कुल 91,086 डाक मतपत्र भी शामिल हैं जो कि मतदान दिवस के 1 दिन पूर्व तक सभी जिलों में निर्मित सुविधा केन्द्रों से प्राप्त हुए थे । 80+ आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर प्राप्त किये गए डाक मतपत्रों की संख्या कुल 6043 है। इसके अतिरिक्त अनिवार्य सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों की कुल संख्या 165 है ।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्यात्मक जानकारी प्रत्येक दिवस भारत निर्वाचन आयोग को निर्धारित प्रारूप में प्रेषित की जा रही है और जिला स्तर पर भी इसकी जानकारी से सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जा रहा है। मतगणना तिथि को ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम से विधानसभा की मतपेटियां अभ्यर्थियों/ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी सुरक्षा के साथ प्रात: मतगणना स्थल तक ले जाई जाएंगी 7 इस संबंध में सभी जिलों को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना तिथि को सबसे पहले 8 बजे से डाक मतपत्रों की गणना प्रारम्भ की जाएगी और उसके आधे घंटे पश्चात् ईवीएम मशीन के मतों की गणना प्रारम्भ होगी।

## प्रणय बुराड को जेसीज़ के सर्वोच्च सम्मान कमल पत्र से किया गया सम्मानित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जेसीआई रायपुर केपिटल ने अवार्ड नाईट का आयोजन के अवसर पर जेसीआई रायपुर कैपिटल के पूर्व अध्यक्ष व रॉयल केपिटल के संस्था इंचार्ज प्रणय बुराड को जेसीज़ के सर्वोच सम्मान कमल पत्र से सम्मानित किया। प्रणय विगत 10 वर्षों से जे सी आई में अपनी सेवा प्रदान कर रहे है। उत जानकारी देते हुए अध्यक्ष विक्रम ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर के सभापति श्री प्रमोद दुबे, प्रमुख वक्ता राजेश अग्रवाल थे। इस कार्यक्रम के लिए अंगुल से विशेष तौर पर जोन अध्यक्ष जेसी अमन शुक्ला पधारे थे। जेसीआई सिनेटर सुपर चैप्टर इंचार्ज अमिताभ दुबे, लीना वाढ़ेर, चित्रांक चोपड़ा, शीतल जैन, संदीप थौरानी, मुकेश केडिया, श्रीकांत पारख व अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

## मेरी लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की मांग कर रहे कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर पलटवार करते हुए कहा है कि उनके लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं और इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत के दौरान उन्हें संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, विकसित भारत का संकल्प- 4 अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं ङ्क हमारी नारी शक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- गरीब। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- युवा। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- किसान। इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। जब तक इन चारों जातियों को मैं सभी समस्याओं से, सभी मुश्किलों से उबार नहीं देता हूं तब तक मैं चैन से बैठने वाला नहीं हूं। बस आप मुझे आशीर्वाद दीजिए। जब ये चारों जाति सशक्त होगी तो निश्चित तौर पर देश की सभी जातियां सशक्त होगी।

प्रधानमंत्री ने पिछली सरकारों के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश के लोगों ने वह दौर भी देखा है, जब पहले की सरकारें खुद को जनता का माई बाप समझती थी। इस कारण आजादी के अनेक दशकों बाद तक देश की बहुत बड़ी आबादी मूल सुविधाओं से वंचित रही। लोग सरकार से पूरी तरह हताश और निराश हो गए थे। उस समय सरकारें भी सिर्फ चुनाव और वोट बैंक पर ही ध्यान रखती थी। निराशा की स्थिति को उनकी सरकार ने बदला है। आज देश में जो सरकार है, वह जनता-जनार्दन को ईश्वर का रूप मानने वाली सरकार है। वह सत्ता भाव से नहीं, सेवा भाव से काम करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वे जो ये संकल्प यात्रा लेकर निकले हैं, इसके पीछे उनका मकसद यही है कि जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है, उनके अनुभव जानना और जिनको नहीं मिला उन्हें 5 साल में उन योजनाओं का लाभ देना है। इसलिए देश के हर गांव में 'मोदी के विकास की गारंटी' की गाड़ी पहुंचने वाली है।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। हमने इस गाड़ी का नाम रखा था 'विकास रथ', लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' रख दिया है। उन्हें ये जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है और वह विश्वास दिलाते हैं कि लोगों को दी हुई सभी गारंटियों को वह पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोग 'विकसित भारत रथों' का स्वागत कर रहे हैं, रथ के साथ चल रहे हैं। जिस तरह युवा और समाज के हर वर्ग के लोग विकसित भारत यात्रा से जुड़ रहे हैं। अब तक 12 हजार से ज्यादा पंचायतों तक मोदी की गारंटी वाली यह गाड़ी पहुंच चुकी है और 30 लाख के लगभग लोग इसका फायदा उठा चुके हैं। सभी लोग अपने गांव की कहानी सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से इन कहानियों को नमो एप पर जरूर अपलोड करने का भी आग्रह किया क्योंकि वह नमो एप पर इन गतिविधियों को प्रतिदिन देखते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब काम पूरा होने की गारंटी की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प ले चुकी है और विकसित भारत का संकल्प सिर्फ मोदी या किसी सरकार का नहीं है बल्कि यह सबको साथ लेकर सबके सपनों को साकार करने का संकल्प है।

## मेरठ स्टेशन भी विश्व स्तरीय श्रेणी का बनेगा: अश्विनी वैष्णव

**मेरठ (आरएनएस)।** रेल व संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव आज मेरठ पहुंचे हैं। वह यहां जिमखाना मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल संबोधित करेंगे। सीडीओ नूपुर गोयल ने बताया कि रेल मंत्री सड़क मार्ग द्वारा दिल्ली से चलकर यहां सुबह सवा नौ बजे बजे पहुंचे। इसके बाद बजे जीमखाना मैदान में आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगे। रेल मंत्री ने जीम खाना मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरठ का रेलवे स्टेशन भी विश्व स्तरीय श्रेणी का बनाया जाएगा। हस्तिनापुर बिजनौर रेलवे परियोजना की डीपीआर तैयार कर ली गई है। इस पर लगातार कार्य किया जा रहा है। अश्वनी वैष्णव ने यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में पीएम आवास योजना के पात्रों को मकान की चाबी दी।

## छग विधानसभा चुनाव : मतगणना की सारी तैयारियां पूरी, कवर्धा में 30 चक्रों में मतगणना



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव दो चरणों में संपन्न हो चुका है। सभी सीटों के लिए मतगणना का काम 3 दिसंबर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगा। इसके लिए सभी व्यापक तैयारियां कर ली गई हैं।

चुनावी मैदान में 1181 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 3 तारीख को होने वाला है। राज्य की 90 सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में मतगणना होगी। इसके बाद कसडोल में 29 चक्र होंगे। वहीं सबसे कम मनेंद्रगढ़ और भिलाई नगर में 12 चक्रों में मतगणना होगी। इधर नतीजे का दिन जैसे-जैसे करीब आ रहा है प्रत्याशियों की धड़कनें तेज होने लगी है। इस चुनाव में कई नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि मतों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी, जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी। ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलैट सिस्टम) से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी। 1181 अभ्यर्थियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला 7 और 17 नवंबर को EVM में बंद हुआ था। आने वाले 3 दिसंबर को मतों की गिनती के साथ ही इनके परिणाम आएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना केंद्रों में होने वाली मतों की गिनती के दौरान बिना प्राधिकार पत्र के किसी भी व्यक्ति को काउंटिंग रूम में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना के दौरान प्रत्याशी किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना को देख सकेंगे, जबकि अभ्यर्थी के अभिकर्ता सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे। मतगणना की पूरी कार्यवाही मतगणना प्रेक्षक, सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति और निगरानी में होगी। हर एक राउंड खत्म होने पर अभ्यर्थी और प्रेक्षक की उपस्थिति में रैंडम आधार पर दो कंट्रोल यूनिट की जांच की जाएगी।

बता दें कि 7 और 17 नवंबर को वोटिंग के बाद ईवीएम को सभी जिला मुख्यालयों में स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। पूरी मतगणना प्रक्रिया की रिकार्डिंग भी रखी जाएगी। इस दौरान प्रेक्षक और रिटर्निंग ऑफिसर को छोड़कर मतगणना कक्ष में किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा कोई भी अन्य व्यक्ति अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसे आईपेड, रिकार्डर, वीडियो कैमरा जैसे अन्य उपकरण नहीं ले जा सकेंगे।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शुक्रवार 01 दिसम्बर 2023
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com


# डॉ. भावना सिरोही चिकित्सा निदेशक बालको मेडिकल सेंटर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत - 29 नवंबर, 2023 - बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही को इंडियन सोसाइटी ऑफ मेडिकल एंड पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारत में मेडिकल ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में डॉ. सिरोही के उल्लेखनीय योगदान और रोगियों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। उन्हें 2 से 5 नवंबर, 2023, मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित आईएसएमपीओ वार्षिक सम्मेलन में पुरस्कार प्रदान किया गया।

डॉ. भावना सिरोही एक एक विश्व विख्यात ऑनकोलॉजिस्ट है, जो स्तन और पेट के कैंसर में विशेषज्ञता रखती हैं। टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई से योग्यता और रॉयल मार्सडेन एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट, यूनाइटेड किंगडम में अतिरिक्त प्रशिक्षण के साथ, वह अपनी भूमिका में दो दशकों से अधिक का अमूल्य अनुभव लेकर आती हैं। उनका प्रभाव विश्व स्तर पर फैला हुआ है. उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 170 से अधिक पत्र प्रकाशित किए हैं और दुनिया भर में व्याख्यान दिए हैं।



डॉ. सिरोही स्वास्थ्य समानता और परिणामों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन और कैंसर के लिए एएससीओ समिति के सदस्य भी हैं। अपनी क्लिनिकल प्रैक्टिस से परे, डॉ. भावना सिरोही ने 'न्यू इंडिया कैंसर चैरिटी इनिशिएटिव : यूनिफ़ॉर्म कैंसर केयर' की स्थापना की। एनआईसीसीआई के माध्यम से, वह कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए गांवों में आशा, मितानिन और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ सहयोग करती है और भारत के विभिन्न राज्यों में स्क्रीनिंग शिविर आयोजित करती है।

बालको मेडिकल सेंटर डॉ. भावना सिरोही को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई देता है और भारत में मेडिकल ऑन्कोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए उनके समर्पण की सराहना करता है। वेदांत मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन के तत्वावधान में और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (एएएफ) द्वारा समर्थित, बीएमसी कैंसर मुक्त समाज की दिशा में अथक प्रयास करते हुए, कैंसर और संबंधित बीमारियों की रोकथाम में योगदान देने के मिशन पर है। संस्थान को उन्नत विकिरण चिकित्सा, ब्रैकीथेरेपी, न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग, सर्जरी, कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, रक्त संबंधी विकार, प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जरी, और दर्द और उपशामक देखभाल के लिए एक रेफरल केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त है। बीएमसी भावनात्मक कल्याण के लिए रोगी सहायता समूहों के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक, पोषण और भौतिक चिकित्सा पर भी जोर देती है।

**बालको मेडिकल सेंटर ( बीएमसी ) के बारे में :** बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी), नया रायपुर में 170 बिस्तरों वाली अत्याधुनिक तृतीयक देखभाल ऑन्कोलॉजी सुविधा, वेदांत मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (वीएमआरएफ) की पहली प्रमुख पहल है। वीएमआरएफ, एक गैर-लाभकारी संगठन, कैंसर और उससे संबंधित बीमारियों की रोकथाम में योगदान देने के लिए वेदांता रिसोर्सेज और भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) की एक पहल है। वर्तमान में, यह चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, विकिरण, हेमेटोलॉजिकल, बीएमटी और पैलिएटिव देखभाल सहित भारत के ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में विश्वसनीयता का मानक हैं। बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर, छत्तीसगढ़ में है, और मध्य भारत के लोगों के लिए कैंसर के इलाज का पसंदीदा केंद्र बनता जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए www.balcomedicalcentre.com पर जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### चरामेति फाउंडेशन बेबी किट का वितरण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खो खो पारा में एक दिन से एक माह तक के करीब पचास बच्चों को बेबी किट का वितरण किया गया। संस्था के राजेन्द्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर नवजात बच्चों के परिजन लक्ष्मी यादव, प्रीति सिंह, सविता तारक, भारती यादव, सरिता शर्मा आदि ने न केवल प्रसन्नता व्यक्त की अपितु इस सेवा भावना की प्रशंसा भी की। बेबी किट वितरण का यह कार्यक्रम सत्यनारायण जी अग्रवाल, शंकरलाल जी अग्रवाल, निलेश जैन, श्रीमती सिल्की, रूद्रकांत त्रिवेदी, किरण कुमार त्रिवेदी, डॉ. रवि शुक्ला, नेत्र सहायक - पंकज पाण्डेय, डॉ. मृणालिका ओझा, जनक बेन, नीरू त्रिवेदी, लालिमा साहू, संगीता मिश्रा, संतोषी धनकर, श्रद्धा सेन्द्रे, हेमिन साहू, जी. पी. अखिलेश, सुनीला पंड्या, मेहुल पटेल, जयंत भाई, घनश्याम सराठे, प्रेम नारायण सोलंकी, वी. के. महालया आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ। -राजेन्द्र ओझा

### उठाईगिरी के मामले में राजगढ़ गिरोह की तीन महिलाएं गिरफ्तार

**जशपुर ( विश्व परिवार )।** उठाई गिरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों श्रीमती अनुराधा, जोशनी, रूबी सिसोदिया ग्राम कड़िया थाना बोडा जिला राजगढ़ को सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त महिलाएं राजगढ़ गिरोह के सदस्य हैं इनका प्रमुख कार्य त्यौहारिक सीजन में भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं का चैन स्नैचिंग करना, पर्स से पैसे चोरी करना और बैंक के आस-पास भीड़-भाड़ वाले जगह पर थैले को ब्लेड मारकर पैसे चुराने जैसी घटनाओं को अंजाम देती थी। कुछ दिनों पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में एक व्यक्ति के थैला काटकर 5000 रू. निकालने की शिकायत थाना जशपुर में प्राप्त हुई थी। उक्त आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक रविशंकर तिवारी, मनोज सिंह, त्रिनाथ यादव, गायत्री गुप्ता, शोभनाथ सिंह, विनोद तिर्की, हेमंत कुजूर, सुषमा बाई, कौशल्या, 95 पूनम तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विधानसभा निर्वाचन 2023 : तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए गणना प्रेक्षक तय

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 3 दिसम्बर 2023 को होने वाले मतगणना हेतु विधानसभावार गणना प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 कसडोल के लिए आईएएस डॉ. राजेन्द्र भारुड, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 45 बलौदाबाजार के लिए आईएएस डॉ अनीश शेखर एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 46 भाटापारा के लिए एससीएस श्री सुमित कुमार को गणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया गया है। गणना प्रेक्षकों की देख- रेख में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र का मतगणना कार्य 3 दिसंबर 2023 को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर बलौदाबाजार में सम्पन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### जनशिकायत मिलने पर फाफाडीह शराब भट्टी, चखना सेंटर पर लगा जुर्माना

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गन्दगी से सम्बंधित जनशिकायत मिलने पर नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक-2 के जोन कमिश्नर डॉ. आर. के. डोंगरे के निर्देश पर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया ने जोन क्षेत्र के तहत फाफाडीह क्षेत्र में शराब भट्टी चखना सेंटर एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। भारी संख्या में चखना सेंटर के समीपस्थ नाले में डिस्पोजल गिलास एवं पानी पाउच फेंके जाने के कारण से निकास व्यवस्था पूरी तरह से अवरुद्ध मिली एवं प्राप्त जनशिकायत स्थल पर सही पायी गयी। जोन-2 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने स्थल पर शराब भट्टी चखना सेंटर के सम्बंधित संचालक को भविष्य के लिये कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए तत्काल 10000 रूपये का जुर्माना किया एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

# रबी बीज का उठाव एवं उतेरा फसल की किसान करें तैयारी, कृषि विभाग ने जारी की समसामयिकी सलाह

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर चदंन कुमार के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा रबी फसलों के बुवाई हेतु बीज भण्डारण बीज निगम के माध्यम से किया गया है। इस वर्ष जिले में अच्छी बारिश होने के कारण भूमि में पर्याप्त मात्रा में नमी उपलब्ध है, जिसका लाभ उठाकर किसान भाई अधिक से अधिक क्षेत्र में रबी फसलों की खेती कर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं, कृषक रबी फसलों के लिए खेत की तैयारी करें, इस हेतु ट्रेक्टर चलित रोटावेटर अथवा कल्टीवेटर का प्रयोग कर खाली खेती में उथली जुताई करें तथा तिवड़ा, मसूर, मटर, चना, कुसुम, अलसी, कुल्थी, मूंग, उड़द, तोरिया, सूरजमुखी एवं चारे वाले फसलों की बुवाई करें। वर्तमान में धान फसल कटाई जारी है, कटाई के पश्चात् 03 से 05 दिनों तक धूप में सुखने हेतु खेतों को छोड़ दें। किसान भाई धान कटाई के पश्चात् खेतों में बचे फसल अवशेष को जलायें नहीं, बल्कि उसका उचित प्रबंधन करें।

कृषकों के मांग के आधार पर रबी फसल अनाज (गेहूँ, मक्का, रागी, कोदो, कुटकी) 3455 क्विं., दलहन ( चना, मटर, मसूर, उड़द, मूंग, तिवडा आदि) 3860 क्विं. एवं तिलहन (सरसों, मूंगफली, अलसी, कुसुम, सूरजमुखी आदि ) 490 क्विं. कुल 7805 क्विं. बीज मांग प्रेषित किया गया है, जिसका भण्डारण बीज निगम द्वारा जिले के विभिन्न समितियों में प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान में विकासखण्ड पलारी के सहकारी समिति अमेरा में गेहूँ 30 क्विं. एवं तिवड़ा 5 क्विं कोसमंदी में 50 क्विं., वटगन में तिवड़ा 5 क्विं. एवं सरसों 3.20 क्विं. एवं पलारी तिवड़ा 3 क्विं. एवं सरसों 2 क्विं., भाटापारा के सहकारी समिति धुर्राबांधा में 80 क्विं. एवं सरसों 0.50 क्विं. का भण्डारण हो गया है। तथा अन्य समितियों में भण्डारण का कार्य जारी है। राज्य शासन के निर्देशानुसार फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है, जिले के किसान भाई ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व समितियों के माध्यम से बीज मांग कर सकते हैं। वर्तमान में कृषक उतेरा फसल हेतु जिन क्षेत्रों में धान परिपक्कता की ओर है तथा भूमि में नमी है वहाँ उतेरा का फसल ले सकते हैं। यह समय उतेरा फसल के लिए उपयुक्त है जो किसान भाई उतेरा का फसल लेना चाहते हैं वे तिवड़ा, अलसी एवं सरसों की फसल उतेरा हेतु उपयुक्त है। उतेरा कम खर्च में अधिक आमदनी देने वाली फसल है। उतेरा हेतु पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा अनुरोध किया गया है कि किसान भाई अधिक से अधिक रबी व उतेरा फसल लेकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते है। तथा आवश्यकतानुसार समितियों से बीज उठाव करें तथा अनुरोध है कि जिन किसान भाईयों द्वारा आधार बीज का बोनी हेतु प्रयोग किया जा रहा है वे बीज निगम में अनिवार्य रूप से बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन करावें।

# अजजा, अजा एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 दिसम्बर तक

**रायपुर ( विसं )।** सत्र 2023-24 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन (नवीन एवं नवीनीकरण) की तिथि बढ़ा दी गई है। यह 28 नवम्बर से 30 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही ऑनलाईन होगी, जिसके लिए वेबसाइट https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ है।

ड्राफ्ट प्रापोजल लॉक के लिए 15 दिसम्बर से 20 जनवरी और सेन्सन ऑर्डर लॉक के लिए 15 दिसम्बर से 24 जनवरी तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में रायपुर जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के संस्था प्रमुख छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है उन्हें सूचना दी गई है।

निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। साथ ही ड्राफ्ट प्रापोजल लॉक और सेन्सन ऑर्डर लॉक करने का अवसर प्रदान नही किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आदिवासी विकास कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

# पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की बैठक संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन के साथ-साथ पीसीपीएनडीटी ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फार्म-बी में आवेदक का नाम अंकित किए जाने और पीसीपीएनडीटी पोर्टल में 06 माह प्रशिक्षण हेतु अधिसूचित संस्था एवं प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सकों की सूची प्रदर्शित करने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में संयुक्त संचालक श्री प्रशांत श्रीवास्तव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति जायसवाल, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह, पीसीपीएनडीटी की सलाहकार डॉ. वर्षा राजपूत, डॉ. ओमकार खंडेलवाल सहित अन्य संबंधित कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र मंडल ने अंबेडकर हॉस्पिटल में बांटे कंबल, हफ्ते भर से जारी है कम्बल वितरण अभियान



**रायुपर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल दीपावली के बाद लगभग एक सप्ताह से रायपुर शहर में घूम-घूमकर कंबल वितरण कर रहा है। रात 10 बजे के बाद शुरू होने वाले अभियान को समाजसेवी निधि सिंघानिया की मदद से चलाया जा रहा है। वितरण में इस बात का ख्याल रखा जा रहा है कि बेहद जरूरतमंद व्यक्ति को ही कंबल मिले।

मंगलवार को रात 10.30 बजे रिमझिम बारिश के बीच महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के सहप्रभारी परितोष डोनगांवकर के साथ समाजसेवी उषा सिंघानिया ने डा. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल के कैंसर भवन में 200 से अधिक कंबल वितरित किया। यहां पर कंबल वितरण के दो- तीन दौर और चलेंगे। इससे पहले सोमवार को दोपहर हिंद स्पोर्टिंग मैदान के पास लाखेनगर में भी बड़े पैमाने पर कंबल वितरित किए गए।

युवा समिति के प्रभारी विनोद राखुंडे, सह प्रभारी रीना बाबर, रितेश बाबर ने परितोष डोंनगांवकर के साथ रविवार को डा. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल और रेलवे स्टेशन चौक के साथ स्टेशन के भीतर भी जरूरतमंदों को कंबल बा। विनोद राखुंडे ने बताया कि लगभग एक सप्ताह तक चलने वाले कंबल वितरण अभियान के बाद गर्म कपड़े वितरित करने की दिशा पर भी काम किया जाएगा। समिति के सदस्य इसकी तैयारी में जुट गए है। युवा मंडल गत एक दशक से कपड़े और गर्म अभियान चला रहा है।

# टी-20 मैच टिकट की कालाबाजारी करते चार गिरफ्तार

**रायपुर ( आरएनएस )।** शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा रायपुर में 1 दिसंबर को आयोजित होने वाले भारत विरूद्ध ऑस्ट्रेलिया टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकटों की कालाबाजारी रोकने पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानो में टिकटों की कालाबाजारी करते तुलसी बाराडेरा मंदिर हसौद निवासी अनिल जांगड़े, आकाश कुमार धीवर तथा सिविल लाईन निवासी बबलू नायक एवं आशीष मिश्रा को पकड़कर उनके कब्जे से 13 नग टिकट जप्त कर दोनो व्यक्तियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही की गई। रायपुर पुलिस द्वारा टिकटों की कालाबाजारी करने वालों पर पैनी नजर रखीं जा रहीं है, टिकटों की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# एक्जिट पोल के नतीजे से भी बेहतर छत्तीसगढ़ के आएंगे कांग्रेस के पक्ष में परिणाम : शुक्ला

## तीन चौथाई बहुमत से कांग्रेस सरकार की वापसी होगी, 75 सीटों के साथ बनेगी भरोसे की सरकार



**रायपुर ( आरएनएस )।** एक्जिट पोल के नतीजो से भी बेहतर छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आयेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में कांग्रेस अबकी बार तीन चौथाई बहुमत से सरकार बनायेगी। कांग्रेस के 75 से अधिक विधायक चुनाव जीतकर आयेंगे। भाजपा चुनावों में दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पायेगी। जनता ने कांग्रेस सरकार के 5 साल के कामों और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे को देखकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस की सरकार ने 5 सालों में राज्य की जनता का भरोसा जीता है। 2018 में 68 सीटों के साथ सरकार बनाने के बाद कांग्रेस ने 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय, पंचायतो का चुनाव जीता। 5 सालों में कांग्रेस कभी कोई चुनाव नही हारी। इस बार भी हम रिकार्ड बरकरार रखेंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा भाजपा छत्तीसगढ़ मे ईडी के अगुआई मे चुनाव लडी। ईडी नें आपने संवैधानिक मर्यादाओ को ताक मे रख कर कांग्रेस की राजनैतिक गतिविधियों मे बाधा पहुंचाने के लिए चुनाव के दौरान तमाम हथकंडे अपनाया मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के लिए एक व्यक्ति के फर्जी बयान के आधार पर प्रेस नोट जारी कर के झूठे आरोप लगाया गया उसी के आधार पर प्रधानमंत्री से लेकर छोटे बड़े भजपा नेताओं नें ईडी की झूठी कहानी को जनता के सामने रखा लेकिन जनता नें भाजपा के षड्यंत्रो को नकार दिया।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि पूरे चुनाव के दौरान समुची भाजपा भूपेश बघेल के कद के सामने बौनी नजर आ रही थी प्रधानमंत्री खुद 7 सभा करने आने को मजबूर हुए अमितशाह सहित एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री आधा दर्जन मुख्यमंत्री अडानी के इशारे पर छत्तीसगढ़ मे डेरा डाले थे। सभी भाजपा नेता भूपेश बघेल के खिलाफ दुष्प्रचार मे लगे उसके बावजूद छत्तीसगढ़ कि जनता नें बता दिया कि उन सब पर छत्तीसगढ़िया सपूत भारी साबित हुए।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन और समृद्धि के पर्याय बन चुके भूपेश बघेल सरकार अबकी बार 75 पार के साथ वापसी करेगी। छत्तीसगढ़ के विकास और सांस्कृतिक के सम्मान में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने जो काम किया है उसके आधार पर कांग्रेस का कार्यकर्ता थे। घोषणा पत्र में किए गए अपने वादों से भी ज्यादा योजनाएं धरातल पर उतारे जाने से जनता के बीच में विश्वसनीय और स्वीकार्यता बढ़ी है। छत्तीसगढ़ के 26 लाख किसान, छत्तीसगढ़ के 14 लाख वनोपज संग्राहक, छत्तीसगढ़ की 27 करोड़ बहने जो ढाई लाख से अधिक महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से समृद्ध हुई है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./7124/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2023
रायपुर, दिनांक 30-11-2023

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 7124**
**वार्ड का नाम- 4 -यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 4 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104A00026** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HASWANT TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT.CHANDRANTAH TIWARI** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **KAMLA TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HASWANT TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-1**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./7264/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2023
रायपुर, दिनांक 29-11-2023

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 7264**
**वार्ड का नाम- 2- पं.जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802F00044** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KOMAL PARYANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJAY PARYANI** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **RAJESH KUMAR SHRIVAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMULAL SHRIVAS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया कॉलोनी, रायपुर में निर्मित **125 एम.आई.जी.-I**, भवन/भूखण्ड योजना के अंतर्गत, भवनों/भूखण्डों में से भवन/भूखण्ड क्रमांक **एम.आई.जी.-I/579 सेक्टर-01,** में **श्री गिरधर लाल पाण्डेय पिता स्व. श्री श्यामलाल पाण्डेय** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **21.06.2001** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त भवन को दान करने हेतु दिनांक **23.11.2023** को निष्पादित दान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन **डॉ. शिवांगी खरे पति डॉ.शैलेन्द्र कुमार खरे,** के नाम से दान करने के लिए दान अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के दान के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**
संदर्भ :- जिला- **रायपुर,** तहसील- **रायपुर**
प.ह.नं.-**00064 तेलीबांधा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**RD202324440725100031**

**ईश्तहार**

तहसील **रायपुर** के **प.ह.नं.** 00064 के अंतर्गत ग्राम **तेलीबांधा** के वर्तमान भूमि स्वामी **बजरंग प्रसाद पनिकर पिता/पति- बिंदा प्रसाद पनिकर, पता- एम-10 सेक्टर-01, अवन्ती विहार, रायपुर** के द्वारा धारित भूमि **खसरा क्रमांक- 15014/175( 0.0222 )** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **वर्षा शर्मा पिता/पति-स्व. बजरंग प्रसाद पनिकर**, पता- एम-10, सेक्टर-01, अवन्ती विहार, रायपुर, **वंदिता पनिकर पिता/पति-स्व. बजरंग प्रसाद पनिकर**, पता- एम-10, सेक्टर-01, अवन्ती विहार, रायपुर, **वंदना राजपूत, अजय पनिकर पिता/पति-स्व. बजरंग प्रसाद पनिकर,** पता- एम-10, सेक्टर-01, अवन्ती विहार, रायपुर, **मिहिर पनिकर, कु. श्रेया पनिकर पिता/पति-स्व. विजय कुमार पनिकर,** पता- एम-10, सेक्टर-01, अवन्ती विहार, रायपुर, **शारदा पनिकर पिता/पति- स्व. विजय कुमार पनिकर** पता-एम-10, सेक्टर-01, अवन्ती विहार रायपुर, **उमा पनिकर पिता / पति- स्व. बजरंग प्रसाद पनिकर**, पता-एम-10, सेक्टर-01, अवन्ती विहार, रायपुर के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **11/12/2023** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/आधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **28/11/2023** को जारी किया जाता है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर ( छ.ग. )**

# 4500 करोड़ की बकाया राशि शीघ्र प्रदान करें प्रदेश शासनः अग्रवाल

## राईस मिल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष की पत्रकार वार्ता



**चांपा(विश्व परिवार)।** प्रदेश में वर्तमान में 2500 राईस मिल संचालित है जिनका ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले तीन वर्षों से राईस मिलर्स की कस्टम मिलिंग की बकाया राशि बढ़कर 4500 करोड़ रु. हो गई है। इस बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से प्रदेश के सारे राईस मिलर्स काफी प्रताड़ित और परेशान है। उक्त बातें सोमवार 27 नवम्बर को रात्रि 9 बजे से होटल सुमीत इन के सभागार में पत्रकारों से चर्चा के दौरान प्रदेश राईस मिल एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कही। चांवल उद्योग संघ की जिला इकाई जांजगीर - चांपा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में शामिल होकर उनकी समस्या से अवगत हो उनके निदान का प्रयास करने के लिए यहां पहुंचे योगेश अग्रवाल ने सर्वप्रथम इस बात के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि को 40 रु. से बढ़ाकर 120 रू. कर दिया। इससे प्रदेश के राईस मिलरों को संजीवनी प्राप्त हुई है। लेकिन पिछले तीन वर्षों से प्रदेश के राईस मिलर्स की कस्टम मिलिंग की बकाया राशि बढ़कर आज 4500 करोड़ रू. हो गई है। इस राशि के भुगतान के अभाव में राईस मिलरों को नवीन एग्रीमेंट के लिए बैंक गारंटी जमा करने के अलावा अपने अन्य खर्चा का भुगतान करने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात बकाया राशि के भुगतान को लेकर वे निरंतर प्रयासरत है। इसके तहत प्रदेश के खाद्य सचिव से हमारी चर्चा हुई है जिन्होंने 1 दिसम्बर से राशि भुगतान करने का आश्वासन दिया है। प्रदेश शासन से एसोसिएशन आग्रह करता है कि राईस मिलरों की बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करा कर वह उन्हें आर्थिक संकट से उबारे अन्यथा हमें धान उठाव कर उसे चांवल बनाकर देने तथा बैंक गारंटी जमा करने में कई तरह के संकट का सामना करना पड़ सकता है। योगेश अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 2500 राईस मिल संचालित है जिनका ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान है। बकाया राशि के शीघ्र भुगतान से हम 2000 करोड़ की और कस्टम मिलिंग सुचारू रूप से कर सकने में समर्थ होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बड़ी राशि बकाया होने से प्रदेश के राईस मिलर्स आर्थिक संकट से जूझ रहें है। इसके चलते पिछले दिनों कांकेर निवासी राईस मिलर कमल गुप्ता का असामयिक निधन हो गया। इसके बाद हमने उनके शोक संतप्त परिजन से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश के राईस मिलर्स उनके साथ खड़े है। योगेश अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के राईस मिलरों में कोई बिखराव नहीं है और वे पूरी एकता के साथ अपने हितो की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन का यह भी प्रयास है कि प्रदेश सरकार भुगतान के मामले में पेपर वर्क की पेचीदगी को सरल करे ताकि सभी राईस मिलर्स को समय पर उनके कार्यों का भुगतान हो सके जिससे वे निश्चिंत होकर अपने कार्यों का निवर्हन कर प्रदेश सरकार, किसानों और चांवल उपभोक्ताओं के हितो का संवर्धन कर सके। चर्चा के दौरान जिला चांवल उद्योग संघ के समस्त राइस मिलर उपस्थित भी मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के साथ प्रमोद जैन, विजय शर्मा, प्रतीक अग्रवाल के साथ में मंच पर पवन मोदी, विजय केडिया मंचस्थ थे, समारोह का संचालन अमर सुल्तानिया के द्वारा किया गया, योगेश अग्रवाल के दीप प्रज्वलन के पश्चात, जिला चांवल उद्योग के सभी सदस्यों के द्वारा पुष्पहार से उनका स्वागत किया, मनोज पालीवाल के द्वारा स्वागत भाषण की प्रस्तुति पश्चात, जुगल लिखमानिया के द्वारा कस्टम मिलिंग एग्रीमेंट की विसंगतियों का वर्णन किया। अंकित मोदी के द्वारा पूर्व वर्ष से आजतक के कस्टम बिलिंग मैटर की गलतियों एवं कमियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बांके अग्रवाल, संजय भोपालपुरिया एवम गोपेश तुलसियान के द्वारा अन्य कमियों को सुधारने हेतु अतिथियों से आग्रह किया। इसके पश्चात विजय केडिया संक्षिप्त में बोल कर प्रदेश अध्यक्ष को बोलने हेतु आमंत्रित किया जिसमे योगेश अग्रवाल ने मिलर्स की पीड़ा की व्याख्या कर समाधान हेतु आश्वासन दिया। अंत में आभार प्रदर्शन प्रिंस अग्रवाल के द्वारा किया गया। जांजगीर चांपा जिले से भी भारी मात्रा में मिलर्स उपस्थित रहे प्रमुख रूप से चांपा सेंटर से राजेश अग्रवाल, सौरभ डिडवानिया, उमेश पालीवाल, अजय मोदी, आशीष अग्रवाल, दिरेंद्र राठौर, अर्पित अग्रवाल, रजत अग्रवाल, जांजगीर सेंटर से राधावल्लभ पालीवाल, राकेश पालीवाल, विष्णु धनुका, विष्णु अग्रवाल, हरी मोदी, विमल पालीवाल, अनिल पालीवाल, अमित पालीवाल, रवि जैन, अंकित झाझडिया, तपन अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, राकेश अग्रवाल, कान्हा पालीवाल, मनोज झाझडिया, शुभम पालीवाल, नितेश अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, साहू अकलतरा से प्रमोद अग्रवाल, रतन अग्रवाल, दीनदयाल अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, सुकांत अग्रवाल, प्रदीप केडिया, सुनील अग्रवाल, असीमपाल सिंह।

# जिले में मतदान से लेकर मतगणना तक की दुरुस्त व्यवस्थाएं हुई कलेक्टर नूपुर के मार्गदर्शन में



**सक्ति(विश्व परिवार)।** राज्य निर्वाचन आयोग के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति में नन्देलीभांठा स्थित मतगणना केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होनें मतगणना केन्द्र के लिए किये जा रहे तैयारियों के साथ ही स्ट्राग रूम सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने नन्देलीभांठा स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बेहतर तैयारियां सुनिश्चित कराये जाने की बात कही,उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाकमत पत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के बाद ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, डिप्टी कलेक्टर रूपेन्द्र पटेल, एसडीओ राकेश द्विवेदी (पीडब्ल्यूडी), जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी ऋषी रॉय, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण गबेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक गणना पर्यवेक्षकों के लिये प्रशिक्षण आयोजित



**सक्ति(विश्व परिवार)।** राज्य निर्वाचन आयोग के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में मतगणना ड्यूटी में लगे मतगणना पर्यवेक्षकों और सहायक गणना प्रेक्षकों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने मतगणना कार्य करने वाले सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने कहा। इसके साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके केन्द्र और स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के लिए पहूंचे उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने आज निरीक्षण के बाद मतगणना कार्य के लिए नियुक्त किये गये सभी मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक गणना पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण में संबोधित करते हुए बताया कि मतगणना के लिए किस अधिकारी को कौन सा टेबल आलॉट होगा, इसकी जानकारी उन्हे मतगणना के दिन ही सुबह दी जायेगी। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय से पूर्व ही मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 3 दिसम्बर को मतगणना दिवस के दिन सुबह 8 बजे गोपनीयता की शपथ के बाद गणना प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

# नेतनागर हत्याकांड का जल्द होगा खुलासा, महिला और बच्चे की अधजली अवस्था में मिली थी लाश



**रायगढ़(विश्व परिवार)।** दो दिन पहले रायगढ़ ओडिसा मार्ग में ग्राम नेतनागर में पैरावट में महिला सहित एक बच्चे की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने दोनों मृतकों की शिनाख्त करते हुए लगभग आरोपियों तक पहुंच गई है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के पश्चात बहुत जल्द पुलिस इस मामले का खुलासा कर सकती है। गौरतलब रहे कि जिला मुख्यालय से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर नेतनागर गांव में 26 नवंबर की रात पैरावट में अचानक आग की लपटें देखकर ग्रामीण उसे बुझाने पहुंचे। इस दौरान उन्हें मौके पर एक महिला और एक मासूम बच्चे का अधजली लाश मिली। गांव के ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी तत्काल जूटमिल थाने में दी , जिसके बाद पुलिस टीम घटना स्थल पहुंच कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया। पुलिस कप्तान के निर्देश पर हत्या के आरोपियों को दबोचने के लिये तीन टीमों का गठन करके अलग-अलग क्षेत्रों में पतासाजी के लिये भेजा गया था। जानकारी के मुताबिक इस हत्याकांड मामले में पुलिस को लगभग सफलता मिल चुकी है। आरोपियों के द्वारा फिल्मी अंदाज में हत्या की इस वारदात को कहीं और अंजाम देने के बाद पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आरोपी ने अवैध संबंध के चलते महिला और बच्चे की हत्या कर शव जलाने का प्रयास किया था। इस संवेदनशील मामले में पुलिस मृतकों की तथा आरोपियों की शिनाख्ती की करीब पहुंच चुकी है.

# मां वैष्णो देवी मंदिर में महिलाओं ने किया जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों एवं खाद्यान्न सामग्रियों का वितरण





**सक्ति(विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की शक्ति जिला इकाई ने 27 नवंबर को शक्ति से लगे प्रसिद्ध मां वैष्णो देवी मंदिर उल्दा में जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया तो वहीं खाद्यान्न सामग्रियां भी वितरित की इस दौरान अग्रवाल महिला सम्मेलन शक्ति जिला इकाई की अध्यक्ष उषा अग्रवाल, जिला महामंत्री रजनी संजय रामचंद्र, प्रेमलता अग्रवाल, गीता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, आशा गोयल अंगूरी देवी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, शिल्पा गर्ग सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे,गर्म कपड़ों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उषा अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आज शक्ति जिला इकाई की ओर से वर्तमान शीत ऋतु को देखते हुए गर्म कपड़ों का वितरण किया जा रहा है, तथा जरूरतमंदों को समय-समय पर विभिन्न सेवा तथा रचनात्मक शिविरों के माध्यम से महिला इकाई काम कर रही है। खाद्यान्न सामग्रियों का भी वितरण हो रहा है, उषा अग्रवाल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों का भी उनकी सक्रियता के लिए आभार व्यक्त किया, साथ ही कहा कि आने वाले समय में भी आप इसी तरह से शक्ति जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित सेवा तथा रचनात्मक कार्यों में अपनी सक्रियता बनाए रखें तथा हमारे इस संगठन की स्थापना का उद्देश्य ही भगवान अग्रसेन जी के सिद्धांतों को दीन दुखियों की सेवा तथा रचनात्मक कार्यों के रूप में लोगों तक पहुंचना है,ज्ञात हो कि विगत महीनो अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा शक्ति जिले में महिला इकाई का गठन किया गया था.

# खरसिया में गुरुनानक देव जी का 554 वां प्रकाश पर्व मना हर्षोल्लास से

## चकरभाठा वाले लाल साईं जी का हुआ खरसिया आगमन





**सक्ति(विश्व परिवार)।** खरसिया शहर में 27 नवम्बर को प्रकाश पर्व के दिन प्रातः सिंधी गुरद्वारे से भव्य प्रभात फेरी निकाली गयी, शहर के सलूजा परिवार, कलूमल परिवार, अपना बाजार परिवार,नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा परिवार ने नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत किया,सिंधी समाज के वरिष्ठ श्रीचंद रावलानी ने बताया कि खरसिया में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूज्य सिंधी पंचायत खरसिया के द्वारा गुरुनानक देव जी का 554वां प्रकाश पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। साथ ही गुरुनानक देव जी की जंयती के 10 दिन पूर्व समाज की मीटिंग रखी गयी थी, जिसमे सभी वरिष्ठजनों ने अपनी भागीदारी दी जिसमे मुख्य रूप से विजय मेघानी,हंसराज पेशवानी,अशोक भक्तानी, नानक राम अम्बवानी, नरेश चंदवानी, मनोज नाथानी एवं सिंधी युवा मंडल के भी सदस्य शामिल हुए जिसमे सोनू रावलानी,अमित चंदवानी आकाश मेघानी, सागर मेघानी,दीपक फोटवानी,सभी ने गुरुनानक देव जी की जयंती को धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया, प्रकाश पर्व के 10 दिन पूर्व प्रभात फेरी भी सिंधी समाज के द्वारा निकाली जा रही थी, जिसमे सिख समाज के भी सभी लोग प्रभात फेरी में शामिल हो रहे थे। और इस प्रभात फेरी का स्वागत सिंधी एवं सिख समाज के घरों में किया जा रहा था, मीटींग में लाल साई जी को 22 नवंबर दिन बुधवार को खरसिया बुलाने का निर्णय लिया गया था, जिसमे दोपहर 3 बजे लाल साई जी का रायगढ़ चौक से बाइक रैली के साथ स्वागत किया गया। जिसमे समाज के सभी वरिष्ठजन, सिंधु सेवा मंडल के सभी सदस्य, महिलाएं एवं बच्चे सभी रैली में शामिल होकर सिंधी कॉलोनी में रैली को समाप्त किया गया जिसके बाद लाल साई जी के द्वारा महिला सत्संग भवन सिंधी कॉलोनी खरसिया के प्रांगण में भव्य कीर्तन किया गया। जिसमे समाज के सभी लोगों ने आनंद लिया साथ ही रावलानी ने बताया कि लाल साई जी के कीर्तन के बाद समाज के द्वारा सभी के लिए हाई टी का भी प्रोग्राम रखा गया था। जिसमे सिंधी समाज के सभी ने मिलकर हाई टी का आनंद लिया अंत मे रावलानी जी के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष भी प्रकाश पर्व के दिन भव्य रूप से प्रभात फेरी निकाली गयी थी जिसके बाद सिंधी कॉलोनी में समाप्ति के बाद सिंधी समाज की महिलाओ के द्वारा हाई टी का आयोजन रखा गया था और जिसके बाद प्रातः 10 बजे कीर्तन और 12 बजे सभी समाज के लोगों के लिए भव्य लंगर करवाया गया था और साथ ही 4 बजे युवाओ के द्वारा भव्य बाइक रैली भी निकाली गई थी और शाम 7 बजे सिंधी कॉलोनी से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया था। जो नगर कीर्तन प्रमुख मार्गों से होते हुए सिख समाज के द्वारा नगर कीर्तन का पंजाबी गुरुद्वारे में स्वागत किया गया, श्रीचंद रावलानी ने बताया कि नगर कीर्तन का भी भव्य रूप से स्वागत किया गया जिसमे सलूजा परिवार, कलूमल अम्बवानी परिवार, नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा, अपना बाजार परिवार सभी ने स्वागत किया और इन सभी परिवारों के द्वारा नास्ते का भी कार्यक्रम रखा गया था अंत मे रावलानी जी बताया कि इस प्रकाश पर्व के सभी कार्यक्रमो को सफल बनाने में जिसने भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया उनको धन्यवाद दिया और साथ ही सलूजा परिवार, अपना बाजार, कलूमल परिवार, नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा परिवार इन सभी को पूरे सिंधी समाज की तरफ से धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त समाचार



# केशरवानी महिला समिति चांपा ने हर्षोल्लास से मनाया देव दीपावली एवं दीपावली मिलन

**चांपा(विश्व परिवार)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने समिति की अध्यक्ष शांता महेंद्र गुप्ता के निवास स्थान पर कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली भक्ति भावना के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया सर्व प्रथम सभी सदस्य भगवान श्रीकृष्ण हरि प्रिया तुलसी माता, एवं धात्री वृक्ष आंवले वृक्ष की और गौमाता कीपूजा आराधना कर दीपदान किए इसके साथ ही एक मिनट गेम और अंताक्षरी खेलकर पटाखे और फुलझड़ी चलाकर देव दीपावली की खुशियां मनाएं इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष शांता गुप्ता ने उपस्थित सदस्यों को दीपावली पर्व एवं देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि कार्तिक मास में दीप दान का विशेष महत्व होता है दीपावली पर्व से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक विशेष दीप दान किया जाता है दीपों का पर्व हमें यह संदेश देता है कि जिस तरह दीपक की लव जलकर ऊपर की और उन्नत करती है ।

इस प्रकार हमारे मन की अच्छी भावना भी अपने से ऊपर उठकर सब की मंगल कामना के लिए हो ऐसा ही संदेश दीपक से हमें मिलती हैआरती और प्रसाद वितरण के पश्चात स्वल्पाहार के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष शांता गुप्ता सचिव रेखा, कोषाध्यक्ष रिंकी, अलका क्षमा, रत्नप्रभा मीनू प्रियंका, सरला सुशीला संगीता मंजू, मधुलिका, सरिता, अनुपमा, पूर्णिमा, प्रीति, ज्ञानेश्वरी, तृप्ति विभा, गुड्डी बाई कुमारी बाई, रेखा बेबी दिव्या,अवि तन्वी, किट्टू, मान्या, आदि के साथ ही बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुए आभार प्रदर्शन सचिव रेखा ने किया।

# शराब के लिये रूपये नही मिलने पर फांसी लगाकर दे दी जानर

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** शहर के चक्रधर नगर स्थित साहेबराम कालोनी में मंगलवार की सुबह बेटे के द्वारा पिता को शराब के लिये रूपये नही देने से गुस्साये वृद्ध ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले साहेबराम कालोनी निवासी मोहन चैहान पिता अनुप राम चैहान उम्र 65 साल शराब पीने का आदि था। वह रोजी मजदूर करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह उसने अपने बड़े बेटे विनोद से शराब पीने के लिये रूपये की मांग की। तब विनोद ने उसे समझाते हुए कहा कि तीन दिन से खाना नही खाये हो पहले खाना खा लो। अपने बेटे के इस बात से नाराज मोहन ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में मृतक के बेटे विनोद चैहान ने बताया कि उसका पिता ने कालोनी के दूसरे माले पर अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब वह कमरे में गया तो उसको पिता फंदे में लटके हुए थे। जिसे आनन-फानन में उतारकर मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रारंभिक जांच में ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहरहाल इस घटना की जानकारी मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची.

और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है।

# युवराज ने बेसबाल में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**जैजैपुर(विश्व परिवार)।** 23 वी राज्य स्तरीय बेसबाल 14 वर्ष बालक खेल में जो कि 22 से 25नवंबर 2023 को कबीरधाम में आयोजित था जिसमे नवीन जिला सक्ती (बिलासपुर संभाग) के प्रतिनिधित्व करते हुए स्वामी आत्मानन्द विद्यालय जैजैपुर से युवराज टंडन ने और उनके टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में प्रथम स्थान अर्जित किया, इसकी इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बी एल खरे जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज विकास खंड शिक्षा अधिकारी विजय सिदार, प्राचार्य लकड़ा ,कोच हिना ने यूवराज को इस उपलब्धि के लिए शाला के प्राचार्य एवं सभी स्टाप ने युवराज को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।।



# संपादकीय

## पड़ोस नीति का पेच

कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तरजीह राष्ट्र हित को दी जानी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उभरती परिस्थितियों के कारण अफगानिस्तान एक ऐसा देश बना हुआ है, जहां भारत को लगातार अपना अधिकतम प्रभाव बनाए रखने की कोशिश में जुटे रहना चाहिए। नई दिल्ली स्थित अफगानिस्तान दूतावास के अधिकारी जब पिछले 30 सितंबर को यहां से चले गए, तब उसके बाद भारत सरकार के पास लगभग आठ हफ्तों का वक्त था, जिस दौरान वह देश में अफगानिस्तान की राजनयिक उपस्थिति को सुनिश्चित कर सकती थी। लेकिन अब यह साफ है कि ऐसा करने में भारत सरकार ने दिलचस्पी नहीं ली। नतीजतन, बीते शुक्रवार को अफगान दूतावास स्थायी रूप से बंद हो गया। दूतावास ने भारत सरकार की ओर से आ रहीं चुनौतियों का हवाला देते हुए अपना काम-काज बंद करने का एलान किया है। इसके पहले बीते 30 सितंबर को दूतावास ने भारत सरकार से समर्थन न मिलने, अफगानिस्तान के हितों को पूरा करने में अपेक्षाओं पर खरा न उतर पाने, और कर्मियों एवं संसाधनों की कमी के कारण कामकाज अस्थायी रूप से रोकने की बात कही थी। साफ है, अगस्त 2021 में काबुल पर तालिबान के काबिज होने के बाद अफगानिस्तान और भारत के बीच पैदा हुई खाई को भरने की कोशिश दोनों में से किसी पक्ष ने नहीं की। अगस्त 2021 के घटनाक्रम को भारत सरकार ने इस क्षेत्र के लिए एक जोखिम के रूप में चित्रित किया था। निरपेक्ष रूप से देखा जाए, तो यह एक सही समझ है। लेकिन एक दूसरी समझ यह है कि कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तरजीह राष्ट्र हित को दी जानी चाहिए। अपनी भू-राजनीतिक स्थिति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उभरती परिस्थितियों के कारण अफगानिस्तान एक ऐसा देश बना हुआ है, जहां भारत को लगातार अधिकतम प्रभाव बनाए रखने की कोशिश में जुटे रहना चाहिए। बीते एक साल में अफगान सरकार और पाकिस्तान के बीच संबंध जिस हद तक बिगड़े हैं, संभव है कि उसे भारत के नजरिए से एक सकारात्मक घटना के रूप में देखा जाए। गौरतलब है, चीन ने भी हालांकि तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है, लेकिन वह लगातार उससे संपर्क बढ़ाता चला गया है। बात अफगानिस्तान को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना में शामिल करने तक पहुंच गई है।

# केजरीवाल के सामने राजनीतिक संकट

अजीत द्विवेदी

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देश भर में चुनाव लड़ते और हारते रहे हैं लेकिन यह उनकी राजनीति का हिस्सा होता है। इससे उनके लिए राजनीतिक मुश्किल खड़ी नहीं होती है, बल्कि कुछ न कुछ फायदा ही होता है। उनकी पार्टी का विस्तार होता है और नए लोग जुड़ते हैं। इसी राजनीति में उन्होंने दो राज्यों-दिल्ली और पंजाब में सरकार बना ली और दो राज्यों- गुजरात व गोवा में इतना वोट हासिल कर लिया कि उनकी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया। इतना सब होने के बावजूद अब उनकी राजनीतिक राह मुश्किल हो रही है। उनकी अपनी गलतियों और कामकाज की कमियों के अलावा देश की राजनीति कुछ इस तरह से बदली है कि उनके लिए आगे की राह मुश्किल हो गई है। इसके दो-तीन कारण हैं। पहला कारण तो उनके प्रति बनी धारणा का टूटना है। दूसरा कारण यह है कि उनका रामबाण एजेंडा अब सभी पार्टियों ने अपना लिया है। और तीसरा कारण यह है कि जिस कांग्रेस को रिप्लेस करके उसकी जगह लेने की राजनीति वे कर रहे थे वह कांग्रेस मजबूत होने लगी है। केजरीवाल ने पहले दिल्ली में कांग्रेस की जगह ली। इसके बाद पंजाब में कांग्रेस को रिप्लेस किया। उसके बाद गुजरात में कांग्रेस के वोट में सेंध लगा कर उसको कमजोर किया। गोवा में भी उनकी पार्टी के चुनाव लड़ने और छह फीसदी से ज्यादा वोट लेने का सीधा नुकसान कांग्रेस को हुआ था। ऐसा इसलिए हो रहा था क्योंकि भाजपा और नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रचार से कांग्रेस के प्रति आम लोगों में नकारात्मक धारणा बनी थी। इसका लाभ भाजपा के साथ साथ अरविंद केजरीवाल की पार्टी को भी मिल रहा था। पिछले नौ साल में कांग्रेस जितनी कमजोर हुई उसी अनुपात में आम आदमी पार्टी मजबूत हुई है। लेकिन अब स्थितियां बदल गई हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने उनके प्रति आम लोगों की धारणा बदली है और उसके बाद हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस की जीत ने कांग्रेस को वापस मुकाबले में



आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देश भर में चुनाव लड़ते और हारते रहे हैं लेकिन यह उनकी राजनीति का हिस्सा होता है। इससे उनके लिए राजनीतिक मुश्किल खड़ी नहीं होती है, बल्कि कुछ न कुछ फायदा ही होता है। उनकी पार्टी का विस्तार होता है और नए लोग जुड़ते हैं। इसी राजनीति में उन्होंने दो राज्यों-दिल्ली और पंजाब में सरकार बना ली और दो राज्यों- गुजरात व गोवा में इतना वोट हासिल कर लिया कि उनकी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया। इतना सब होने के बावजूद अब उनकी राजनीतिक राह मुश्किल हो रही है। उनकी अपनी गलतियों और कामकाज की कमियों के अलावा देश की राजनीति कुछ इस तरह से बदली है कि उनके लिए आगे की राह मुश्किल हो गई है। इसके दो-तीन कारण हैं।

ला दिया है। अब भाजपा के लिए भी कांग्रेस चुनौती है तो आम आदमी पार्टी के लिए भी है। केजरीवाल ने अपनी राजनीति पोस्ट आॅइडियोलॉजी पार्टी के तौर पर की थी। उनकी पार्टी की विचारधारा राजनीति की टेक्स्ट बुक परिभाषा से मैच नहीं करती है। तभी उन्होंने दक्षिणपंथ की ओर रूझान दिखाते हुए गवर्नेंस को अपनी पार्टी का एकमात्र एजेंडा बनाया। गवर्नेंस से उनका मतलब सिर्फ इतना है कि वे सरकारी खजाने से कुछ पैसा निकाल कर एक निश्चित मतदाता समूह को ढेर सारी चीजें और सेवाएं मुफ्त में देंगे। उन्होंने दिल्ली में इस दांव को बहुत अच्छे तरीके से आजमाया। निचले तबके और निम्न मध्य वर्ग के लिए पानी, बिजली फ्री कर दिया। मुफ्त वाई-फाई और महिलाओं को बसों में मुफ्त की यात्रा शुरू कराई। स्कूलों और अस्पतालों का रंग-रोगन करके प्रचार के जरिए यह धारणा बनाई कि कायाकल्प कर दिया। झुग्गियों में अवैध निर्माण की खुली छूट दे दी और दिल्ली में कहीं भी रेहड़ी-पटरी लगाने का रास्ता खोल दिया। मुश्किल यह कि अब सभी पार्टियों ने इस दांव को अपना लिया है। अब कांग्रेस और भाजपा जैसी पार्टियां भी चुनाव में दिल खोल कर मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने का ऐलान करती हैं। केजरीवाल ने पंजाब में मुफ्त बिजली, पानी के साथ साथ महिलाओं को एक एक हजार रुपए देने का वादा किया था अब कांग्रेस डेढ़ से ढाई हजार रुपए तक महिलाओं को देने का ऐलान कर चुकी। मध्य प्रदेश में डेढ़ हजार तो तेलंगाना में ढाई हजार रुपए नकद देने की घोषणा हुई है। इसके अलावा मुफ्त अनाज, मुफ्त बिजली, पानी, मुफ्त बस यात्रा, स्कूटी, लैपटॉप, स्मार्ट फोन आदि सब कुछ मुफ्त में बांटने का ऐलान किया जा रहा है। सो, केजरीवाल की एक्सक्लूसिविटी खत्म हो गई। जब सारी पार्टियां उनका राजनीतिक दांव अपना रही थीं तो वे अपने लिए कोई नया दांव नहीं सोच पाए। उलटे दिल्ली और पंजाब में उनके कामकाज की पोल खुल गई। उन्होंने दिल्ली की हवा और पानी की सफाई का वादा किया था। अपने कामकाज के पहले सात साल तक वे यह बहाना बनाते रहे कि पंजाब में अकाली दल और कांग्रेस की सरकारें पराली जलाना नहीं रोक पाईं इसलिए दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है और वे कुछ नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन 2022 में उनकी पार्टी की पंजाब में सरकार बन गई और उसके बाद लगातार दूसरी सर्दियां आ गई हैं, फिर भी दिल्ली में प्रदूषण कम नहीं हुआ। पंजाब में पराली जलाए जाने से दिल्ली में लगातार दूसरे नवंबर में लोगों का सांस लेना दूभर हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर दिल्ली और पंजाब सरकार को फटकार लगाई तो वे हरियाणा और उत्तर प्रदेश पर दोष मढ़ने लगे। इसी तरह यमुना की सफाई के मामले में भी उनके वादों की पोल खुली। इस साल भी छठ के मौके पर यमुना पहले की तरह प्रदूषित रही और लोगों ने झाग वाले पानी में खड़े होकर पूजा की। दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने पर सोशल मीडिया में यह मीम बहुत लोकप्रिय हुआ कि आठ साल पहले जब केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे तो वे खांस रहे थे और दिल्ली के लोग ठीक थे, आज दिल्ली के लोग खांस रहे हैं और केजरीवाल का मफलर गायब हो गया है। स्कूलों में पढ़ाई लिखाई और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की भी पोल खुल गई है। इस बीच धारणा के स्तर पर भी उनको बड़ा झटका लगा है। उन्होंने खुद अपने बारे में दो तरह की धारणा बनाई थी। पहली यह कि वे और उनकी पार्टी कट्टर ईमानदार पार्टी हैं और दूसरी यह कि वे आम आदमी की तरह रहने वाले हैं। ये दोनों धारणाएं चकनाचूर हो गई हैं। दिल्ली की शराब नीति घोटाले में जांच की आंच उन तक पहुंची है। उनके उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया गिरफ्तार होकर आठ महीने से ज्यादा समय से जेल में हैं और अक्टूबर के पहले हफ्ते में उनके राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी गिरफ्तार हो गए। उसके बाद प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने उनको भी नोटिस जारी किया। ईडी की नोटिस के बाद केजरीवाल ने एक बार फिर काठ की हांडी चुल्हे पर चढ़ाने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिल रही है।

## व्यंग

## भारत की ब्रिक्स दुविधा

पाकिस्तान ने ब्रिक्स की सदस्यता के लिए अर्जी दे दी है। ब्रिक्स में परंपरा आम-सहमति से निर्णय लेने की है। ऐसे में भारत की अकेली असहमति भी पाकिस्तान की सदस्यता रोक सकती है। मगर ऐसा करते हुए भारत के अलग-थलग पड़ने का अंदेशा है। पाकिस्तान ने ब्रिक्स की सदस्यता लेने के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर दिया है। गौरतलब है कि इसका एलान सबसे पहले मास्को स्थित पाकिस्तानी राजदूत ने किया। खबरों के मुताबिक रूस पाकिस्तान को ब्रिक्स समूह में लाने का पूरा समर्थन कर रहा है। हाल में रूस और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक और राजनयिक संपर्क बढ़ा है। उधर ब्रिक्स के मौजूदा अध्यक्ष दक्षिण अफ्रीका ने कुछ समय पहले ब्रिक्स संबंधी एक बैठक में पाकिस्तान को भी आमंत्रित किया था। चीन का हाथ तो हमेशा ही पाकिस्तान की पीठ पर रहता है। ऐसे ब्रिक्स के पांच मूल सदस्यों में से तीन का झुकाव इस समय पाकिस्तान के पक्ष में दिख रहा है। उधर जो छह नए सदस्य इस समूह में शामिल हुए हैं, उनमें से भी कई का साथ उसे मिल सकता है। उनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्त्र शामिल हैं। इथियोपिया को भी इस पर कोई एतराज होगा, इसकी संभावना नहीं है। वैसे एतराज शायद ब्राजील और ईरान को भी नहीं हो। इसीलिए यह सवाल गंभीर है कि इस हाल में भारत का क्या रुख होगा? ब्रिक्स में परंपरा आम सहमति से निर्णय लेने की है। ऐसे में भारत की अकेली असहमति भी पाकिस्तान की सदस्यता रोक सकती है। मगर ऐसा करते हुए भारत के अलग-थलग पड़ने का अंदेशा है। अभी हाल में इजराइल-फिलस्तीन युद्ध के मुद्दे पर हुई ब्रिक्स की ऑनलाइन शिखर बैठक में भारत का ऐसा अलगाव साफ नजर आया। उसके बाद कुछ टिप्पणियों कहा गया कि भारत ब्रिक्स प्रक्रिया में अवरोध की तरह दिखने लगा है। जाहिर है, ऐसा कहने वाले लोग इसकी वजह अमेरिका के साथ भारत की बनी रणनीतिक निकटता में ढूंढते हैं। बेशक की सदस्यता अर्जी देते वक्त पाकिस्तान ने इन तमाम समीकरणों का आकलन किया होगा। हाल में पाकिस्तान ने दूसरे देशों में खालिस्तानी और कश्मीरी अलगाववादियों की जान को भारत से खतरा का हौव्वा खूब खड़ा किया है। उसने इस बारे में डोजियर तैयार किया है। अनुमान लगाया जा सकता है कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के एतराज को कमजोर करने की उसकी यह एक चाल है। इससे भारतीय विदेश नीति की चुनौतियां बढ़ी हैँ।

## नेता बेवकूफ हैं या जनता?

मोदी राज ने 140 करोड़ लोगों में हिंदुओं की उस आबादी को मूर्ख बनाया है जो धर्मपरायण और मूर्ति दर्शन, भजन, सत्संग, कथा-कहानी की पीढ़ीगत आस्था में जिंदगी गुजारती आई है! इन सबके दिल-दिमाग में अपने को पैठा कर वह कंपीटिशन पैदा कराया है, जिससे राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल याकि गैर-भाजपाई पार्टियों की मजबूरी है जो वे भी लोगों को बेवकूफ बनाने, अंधविश्वासी बनाने के काम करें। तभी चुनाव अब बेवकूफ बनाने का उत्सव है। इस सप्ताह 'पनौती' जुमले का जैसा देशव्यापी हल्ला बना वह लोगों की समझ और अंधविश्वासों का पीक है। इससे क्या साबित है? नेता और मतदाता दोनों भूल गए हैं कि विकास क्या होता है, कैसे होता है? और चुनाव परिवार-प्रदेश-देश की प्रगति के विकल्पों में चुनने का मौका होता है न कि खैरात में कौन कम या ज्यादा पैसा बांट रहा है? या मोदी 'पनौती' हैं या राहुल? चुनाव दौरान मैं छतीसगढ़ गया। फिर जयपुर आ कर बैठा। 'नया इंडिया' से श्रुति ने छतीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान तीनों प्रदेश घूमे हैं? सवाल है सभी प्रदेशों में लोगों से बातचीत का निचोड़ क्या है? एक- महंगाई लोगों में मुद्दा ही नहीं है। केवल छतीसगढ़ में किसान और गरीब लोग यह रोना रोते मिले कि शराब महंगी हो रही है और घटिया मिल रही है। आटे-दाल, प्याज, तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं की या घर के खर्च में मुश्किल जैसी बात करता कोई नहीं मिला। इसका अर्थ है कि गरीब भी महंगाई को ले कर बेफिक्र है। दो- बेरोजगारी भी मसला नहीं है। नौजवानों की भीड़ में बेरोजगारी का गुस्सा रत्ती भर नहीं है। इसलिए क्योंकि देहात और कस्बों में फोन, सोशल मीडिया और बेगारी वाले कामों ने नौजवान में जहां टाइमपास वाली व्यस्तता बनाई है वही दिमाग में यह भी पैठा दिया है कि सीएम या पीएम सब तो बांट रहे हैं, इलाज करा रहे हैं, राशन दे रहे हैं, खाते में पैसा पहुंचा रहे हैं और रेवड़ियों की योजना दर योजना की गारंटी देते हुए हैं तो ठीक ही है। इस मनोवैज्ञानिक संतुष्टि के साथ मोदी के चेहरे से पांच हजार रु महीना कमाने वाला यूथ यह मानता है कि मोदीजी से दुनिया में भारत का नाम रोशन है। उनके कारण भारत अब अमेरिका, ब्रिटेन आदि के संग कंधे से कंधा मिला कर चल रहा है।

# आशा के अनुरूप नहीं बन सका संविधान

अध्यक्ष महोदय, संविधान-विषयक इस वाद-विवाद के अवसर पर मैं समझता हूं कि यह आवश्यक है कि मैं उन भूलों की ओर तथा जान-बूझकर की हुई गलतियों की ओर ध्यान दिलाऊं , जिनके संबंध में यथा समय मैंने संशोधन उपस्थित किए थे। चूंकि उन संशोधनों को, लगभग उनमें से प्रत्येक को, मसौदाकारों ने पसंद नहीं किया, इसलिए मैं यह समझता हूं कि इस अंतिम अवसर पर मैं उन गलतियों की ओर ध्यान आकृष्ट कर दूं। ...मेरे इस कथन से यह न समझा जाए कि मसौदा समिति तथा उसके सभापति और कुछ अन्य सदस्यों ने जो कठिन परिश्रम किया है तथा जिस बुद्धिमत्ता और सावधानी का परिचय दिया है, उसकी मैं प्रशंसा नहीं करता।

...मेरे विचार से यह संविधान दूषित है और इस कारण उस स्वरूप को प्राप्त नहीं है, जिस स्वरूप की हमें आशा थी। ... हो सकता है कि संविधान का स्वरूप लोकतांत्रिक हो और उसका लक्ष्य भी लोकतंत्र ही हो। किन्तु यदि कोई व्यक्ति इस संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों की सावधानी से परीक्षा करे, तो उसे ज्ञात हो जाएगा कि लोगों का शासन, लोगों के लिए शासन और लोगों द्वारा शासन के रूप में लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है। ... बहाना यह बनाया गया है कि अभी हम लोकतंत्र को पूर्ण रूप से व्यवहार में लाने के उपायों को अपनाने के योग्य नहीं हुए हैं। हमसे कहा गया है कि हमें अधिक अनुभव की आवश्यकता होगी और अधिक शिक्षा की भी आवश्यकता होगी। ...आपका जनसाधारण पर विश्वास नहीं है। इससे भी अधिक सच्चाई इस कथन में है कि आपको अपने नेताओं पर ही विश्वास नहीं है। ...सम्पूर्ण संविधान में कोई भी ऐसी बात नहीं है, जिससे यह प्रकट होता हो कि ये अधिकार और स्वतंत्रताएं केवल कागज पर लिखे हुए अधिकार नहीं रहेंगे...।

मेरे विचार से इस संविधान में मूलाधिकार तथा नागरिक स्वतंत्रताओं के विषय में जो अध्याय है, उससे अधिक दुखद अध्याय और कोई नहीं है। ...आप पूर्ण अधिकार इसलिए नहीं दे रहे हैं, क्योंकि आपको भय है कि लोकतंत्र नृशंस समूहतंत्र में बदल जाएगा। इसलिए आपने नागरिकों के आभार-विषयक अध्याय को प्रतिबंधित किया है। ... इस देश में कार्यशील लोकतंत्र अभी भविष्य की ही व्यवस्था है। कम से कम उसे इस संविधान में कोई स्थान नहीं मिला है। ...प्रशासन को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए इस सभा में बार-बार प्रयत्न किए गए, किंतु वे उतने सफल नहीं हुए, जितने सफल होने की मुझे आशा थी। ... बहुत से निकायों के पारस्परिक संबंध, विभिन्न अंगों की स्थापना तथा स्थानीय स्थापित शासन का स्वरूप ही बहुत सीमित है। यदि आप केंद्र के तथा स्थानीय एककों (राज्यों) के, कृत्यों अथवा विषयों से संबद्ध अनुसूचियों की परीक्षा करें, तो आपको विदित हो जाएगा कि स्थानीय एककों को बिल्कुल अशक्त बनाया गया है। अपने कर्तव्यों का सुचारु रूप से निर्वहन करने के लिए न तो उनके पास शक्ति है और न धन ही। मुझ से पूर्व बोलने वाले एक वक्ता महोदय यह कह चुके हैं कि वास्तविक स्वशासन तथा लोकतंत्र केवल एककों (या राज्यों) में ही सम्भव है। केंद्र में केवल एककों के प्रतिनिधियों के प्रतिनिधि होने चाहिए...।

...वह तथ्य यह है कि जिस रूप में संविधान इस समय है, उस रूप में उसके द्वारा वास्तविक व्यावहारिक लोकतंत्र का उतना विकास नहीं होगा, जितना फासिज्म का विकास होगा। एककों की अपेक्षा केंद्र में इसका खतरा अधिक है। संविधान में आपने राज्य के प्रधान में, जो वास्तव में नाममात्र का प्रधान होगा और प्रधानमंत्री उसके नाम पर काम करेगा, शक्तियों का केंद्रीकरण किया है और इस कारण यदि प्रधानमंत्री चाहे, तो वह वास्तव में एक तानाशाह हो सकता है। इस दशा में मंत्रिमंडल के सहकारी तथा संसद भी केवल उसके रजिस्ट्री के दफ्तर का रूप धारण कर लेगी। ...मैं यह कहने के लिए तैयार हूं कि अनेक दोषों के होते हुए भी हम इस संविधान को इस प्रकार व्यवहार में लाएं कि इसमें सन्निहित भावना से हमारा पथप्रदर्शन हो तथा इसी की छत्रछाया में हम आगे बढ़ें। ...मुझे विश्वास है कि दोषों तथा कमजोरियों के होते हुए भी इस संविधान को इस प्रकार क्रियान्वित किया जा सकता है कि थोड़े ही समय में वास्तविक लोकतंत्र स्थापित हो जाएगा और यदि निकट भविष्य में नहीं, तो पांच या दस वर्षों में यहां के लोग अपने देश के वास्तविक शासक हो जाएंगे। ...प्रशासन को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए इस सभा में बार-बार प्रयत्न किए गए, किंतु वे उतने सफल नहीं हुए, जितने सफल होने की मुझे आशा थी। ... बहुत से निकायों के पारस्परिक संबंध, विभिन्न अंगों की स्थापना तथा स्थानीय स्थापित शासन का स्वरूप ही बहुत सीमित है। यदि आप केंद्र के तथा स्थानीय एककों (राज्यों) के, कृत्यों अथवा विषयों से संबद्ध अनुसूचियों की परीक्षा करें, तो आपको विदित हो जाएगा कि स्थानीय एककों को बिल्कुल अशक्त बनाया गया है। अपने कर्तव्यों का सुचारु रूप से निर्वहन करने के लिए न तो उनके पास शक्ति है और न धन ही। मुझ से पूर्व बोलने वाले एक वक्ता महोदय यह कह चुके हैं कि वास्तविक स्वशासन तथा लोकतंत्र केवल एककों (या राज्यों) में ही सम्भव है। केंद्र में केवल एककों के प्रतिनिधियों के प्रतिनिधि होने चाहिए...।

# यही विधान हमें आगे की राह दिखाएगा

संविधान सभा में अनुसूचित जातियों के स्वार्थों की रक्षा के अतिरिक्त मैं अन्य किसी महानतर आकांक्षा को लेकर नहीं आया था। मुझे स्वप्न में भी यह विचार नहीं आया था कि मुझे और भी बड़े कार्यों को हाथ में लेने के लिए बुलाया जाएगा। इस कारण जब सभा ने मुझे मसौदा समिति में निमंत्रित किया, तो बड़ा आश्चर्य हुआ और जब मुझे मसौदा समिति का सभापति चुना गया, तो और आश्चर्य हुआ। मसौदा समति में मुझसे बड़े, मुझसे अच्छे और मुझसे सक्षम व्यक्ति विद्यमान थे, जैसे मेरे मित्र अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर। ...जो मुझे श्रेय दिया गया है, उसका वास्तव में मैं अधिकारी नहीं हूं। उसके लिए अधिकारी बी एन राउ भी हैं, ... जिन्होंने मसौदा समिति के विचारार्थ संविधान का एक मोटे रूप में मसौदा बनाया। ...सबसे अधिक श्रेय इस संविधान के मुख्य मसौदा लेखक एन एन मुखर्जी को है।... यदि पक्ष के अनुशासन का कठोरता से पालन किया जाता, तो यह सभा जी हुजूरियों की सभा बन जाती। सौभाग्यवश कुछ द्रोही थे। मुझे प्रोफेसर के टी शाह और पंडित हृदयनाथ कुंजरू का भी उल्लेख करना चाहिए। जो प्रश्न उन्होंने उठाए वे बड़े सिद्धांतपूर्ण थे...। मैं उनका कृतज्ञ हूं। यदि वे न होते, तो मुझे वह अवसर नहीं मिलता, जो मुझे इस संविधान में निहित सिद्धांतों की व्याख्या करने के लिए मिला...। इस संविधान की निंदा अधिकतर दो क्षेत्रों से की जाती है। साम्यवादी पक्ष द्वारा और समाजवादी पक्ष द्वारा। वे क्यों इस संविधान की निंदा करते हैं? क्या इसलिए कि यह संविधान वास्तव में खराब है? मैं यह कहने का साहस करता हूं कि नहीं है। साम्यवादी पक्ष श्रमिकों की तानाशाही के सिद्धांत पर आधारित संविधान चाहते हैं, वे संविधान की इस कारण निंदा करते हैं कि यह संसदीय लोकतंत्र पर आधारित है। ...समाजवादी यह चाहते हैं कि संविधान में वर्णित मूलाधिकार निरपेक्ष तथा बिना किसी परिसीमा के




होने चाहिए, जिससे यदि उनके पक्ष के हाथ में शक्ति आ जाए, तो उन्हें आलोचना करने के लिए ही नहीं, वरन राज्य को उलटने तक के लिए भी पूरी-पूरी आजादी मिल जाए। ...सांविधानिक अर्थ की केवल एक बात है, ...बड़ी शिकायत की गई है कि केंद्रीकरण बहुत अधिक है और राज्यों की स्थिति नगरपालिकाओं जैसी कर दी गई है। यह स्पष्ट है कि यह विचार केवल अतिशयोक्ति ही नहीं है, बल्कि यह इस बात के प्रति मिथ्याधारणा पर भी आधारित है कि संविधान यथार्थ रूप में किन-किन बातों के लिए प्रयास करता है। ...हमारे संविधान के अधीन राज्य अपने विधायी और कार्यपालिका अधिकार के लिए किसी प्रकार से भी केंद्र पर आश्रित नहीं हैं। इस विषय में केंद्र और राज्यों की स्थिति समान है। यह अनुभव करना कठिन है कि ऐसे संविधान को केंद्रवादी किस प्रकार कहा जा सकता है। ...यह हो सकता है कि विधायी तथा कार्यपालिका प्राधिकार के प्रवर्तन के लिए केंद्र को जितना क्षेत्र किसी अन्य संघीय संविधान में दिया गया है, उससे अधिक क्षेत्र इस संविधान में दिया गया हो। ...मैं कह चुका हूं संघीय शासन पद्धति की मुख्य बात यह है कि संविधान द्वारा केंद्र और एककों में विधायी तथा कार्यपालिका प्राधिकार का विभाजन हो। यह सिद्धांत हमारे संविधान में निहित है। इसमें कोई भ्रम हो ही नहीं सकता। अत: यह कहना गलत है कि राज्य केंद्र के अधीन रख दिए गए हैं। केंद्र अपनी स्वेच्छा से उस विभाजन में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता है, न न्यायपालिका कर सकती है। ...केवल राजनैतिक लोकतंत्र से ही हमें संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। अपने राजनैतिक लोकतंत्र को हमें सामाजिक लोकतंत्र का रूप भी देना चाहिए। सामाजिक लोकतंत्र का क्या अर्थ है? इसका अर्थ जीवन के उस मार्ग से है, जो स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व को जीवन के सिद्धांतों के रूप में अभिज्ञात करता है। ...यदि हम इस संविधान की रक्षा करना चाहते हैं, यदि पक्ष के अनुशासन का कठोरता से पालन किया जाता, तो यह सभा जी हुजूरियों की सभा बन जाती। सौभाग्यवश कुछ द्रोही थे। मुझे प्रोफेसर के टी शाह और पंडित हृदयनाथ कुंजरू का भी उल्लेख करना चाहिए। जो प्रश्न उन्होंने उठाए वे बड़े सिद्धांतपूर्ण थे...। मैं उनका कृतज्ञ हूं। यदि वे न होते, तो मुझे वह अवसर नहीं मिलता, जो मुझे इस संविधान में निहित सिद्धांतों की व्याख्या करने के लिए मिला...। इस संविधान की निंदा अधिकतर दो क्षेत्रों से की जाती है। साम्यवादी पक्ष द्वारा और समाजवादी पक्ष द्वारा। वे क्यों इस संविधान की निंदा करते हैं? क्या इसलिए कि यह संविधान वास्तव में खराब है? मैं यह कहने का साहस करता हूं कि नहीं है। साम्यवादी पक्ष श्रमिकों की तानाशाही के सिद्धांत पर आधारित संविधान चाहते हैं, वे संविधान की इस कारण निंदा करते हैं कि यह संसदीय लोकतंत्र पर आधारित है। ...समाजवादी यह चाहते हैं कि संविधान में वर्णित मूलाधिकार निरपेक्ष तथा बिना किसी परिसीमा के होने चाहिए, जिससे यदि उनके पक्ष के हाथ में शक्ति आ जाए, तो उन्हें आलोचना करने के लिए ही नहीं, वरन राज्य को उलटने तक के लिए भी पूरी-पूरी आजादी मिल जाए। जिसमें हमने जनता के लिए जनता द्वारा जनता की सरकार के सिद्धांत की प्रतिष्ठा करने का प्रयास किया है, तो हम इस बात का संकल्प करें कि जो बुराइयां हमारे मार्ग में हैं और जिनके कारण जनता के लिए सरकार को जनता द्वारा सरकार से अधिक पसंद करती है, उन बुराइयों को समझने में विलंब न करें और उन बुराइयों को दूर करने के उपक्रम में कमजोरी न दिखाएं। देश सेवा का यही मार्ग है। इससे अच्छे मार्ग से मैं परिचित नहीं हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने कहा- विचारों से व्यक्ति बनता है महान

**गुन्सी ( विश्व परिवार )।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी जिला - टोंक (राज.) में विराजमान गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री



माताजी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि - विचार उपजते हैं वृत्तियों से। उन वृत्तियों से, जो हमारे अच्छे या बुरे होने का निर्धारण करती हैं। किसी साधारण व्यक्ति को महानता की ओर ले जाने वाले हमारे विचार ही होते हैं। हमारी भीतरी वृत्तियां हमारी दिशा निर्धारित करती है कि हम किस ओर जा रहे हैं। अच्छाई की ओर या बुराई की ओर। लेकिन मात्र वृत्तियों से इस बात की पहचान नहीं हो सकती कि अमुक व्यक्ति अच्छा है या बुरा। वृत्तियों को अभिव्यक्ति देते हैं उसके विचार और विचारों से ही यह तय किया जा सकता है कि वह व्यक्ति कैसा है। विचार हमारी सकारात्मक या नकारात्मक वृत्तियों को अभिव्यक्ति देते हैं। यदि हम सकारात्मक वृत्तियों को अपनाते है, तो निश्चित तौर पर हमारे विचार भी अनुकरणीय होंगे। आगामी 10 दिसम्बर 2023 को होने वाले पिच्छिका परिवर्तन एवं 108 फीट उत्तुंग कलशाकार सहस्त्रकूट जिनालय के भव्य शुभारम्भ में सम्मिलित होकर इस सुअवसर में साक्षी बनकर पुण्यार्जन आप सभी करे। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

### बिना तपाये स्वर्ण में उज्जवलता नहीं आती है : मुनि श्री अजितसागर जी महाराज



**सागर ( विश्व परिवार )।** दूध को तपाने से मलाई बनती है और फिर घी निकलता है स्वर्ण को तपने से ही उसमें उज्जवलता आती है। तन को तपाने से नहीं मन को तपाने से हमारा जीवन सुधर जाएगा यह बात मुनि श्री अजित सागर महाराज ने पंच वाल्यती मंदिर में चल रहे पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव के तीसरे दिन कहीं। उन्होंने कहा कि मनुष्य शरीर मिला है तो तप करो इससे कर्मों का नाश होगा दिव्य प्रकाश मनुष्य के अंदर है इसे उद्घाटित और अभिव्यक्त करना है इच्छाओं का विरोध करना ही तप है इसके लिए दृढ़ इच्छा शक्ति होना चाहिए। इच्छाओं का विकास होने से कर्मों का नाश नहीं होता है। मुनि श्री निर्लोभसागर महाराज ने कहा कि भोग भोगने से भोग की चाहत खत्म नहीं होती है और यदि शास्त्र पढ़ने की रुचि नहीं है तो आप लंबे समय तक संसार में रहने वाले है शास्त्र आपकी आत्मा को अंदर से चमकाते हैं उन्होंने कहा भोजन जीने की कला देता है वही शास्त्र आपके आत्म कल्याण के लिए जरूरी है।

### पूर्व सांसद छाया वर्मा के पति की आकस्मिक मृत्यु, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जताया शोक

**रायपुर ( आरएनएस )।** कांग्रेस की पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा के पति दयाराम की दिल का दौरा पडने् से मृत्यु हो गई। उन्होंने आज राजधानी रायपुर स्थित अंबेडकर हास्पिटल में अंतिम सांस ले ली है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम किरना में शुक्रवार को किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी शोक जताया है। भूपेश बघेल ने अपने एक्स हेंडल पर लिखा कि डॉ दयाराम वर्मा के आकस्मिक निधन का दुखःद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं परिजनों को संबल प्रदान करे। पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा के पति दयाराम वर्मा शासकीय चिकित्सक के पद पर कार्यरत थे।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने डॉ. दया वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है

**रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूर्व राज्यसभा सांसद, छत्तीसगढ़ कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती छाया वर्मा जी के पतिदेव डॉ दया वर्मा जी के हृदयाघात से निधन को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। महंत ने कहा, ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। परिवारजनों को इस विपदा में शक्ति व सम्बल प्रदान करें।

### जलते फटाका फेंककर दुकान को पहुंचाया नुकसान

रायपुर, 30 नवम्बर (आरएनएस)। फव्वारा चौक नयापारा स्थित पूजा गिफ्ट कार्नर में आरोपी ने जलते हुए फ्टाका को फेंक कर नुकसान पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय देवानी 43 वर्ष अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी का फव्वारा चौक नयापारा में पूजा गिफ्ट कार्नर नाम से दुकान है। बताया जाता है कि आरोपी सोभित ब्राम्हनकर 23 वर्ष ने जलते हुए फ्टाका को प्रार्थी के दुकान के अंदर फेंक दिया। जिससे प्रार्थी को नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 436, 511 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पैसा नहीं देने पर युवक को पीटा

**रायपुर, 30 नवम्बर ( आरएनएस )।** सुरेश्वर मंदिर के पास शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### भावलिंगी संत आचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ने कहा
## संगठित रहना है तो अनुरोध करना सीख जाइए



**टीकमगढ़ ( विश्व परिवार )।** भावी सिद्धों के सानिध्य में धर्मनगरी टीकमगढ़ में हो रही है त्रिकालवर्ती अनन्तानंत सिद्ध भगवंतों की महा-आराधना, श्री 1008 सिद्धचक्र महा- मण्डल विधान के द्वारा। गुरुवार की प्रातः काल की बेला में आचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ने धर्म सभा में उपस्थित विशाल जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए प्रवचन में कहा- धन्य हैं वे जीव जिन्हें संसार से प्रीति नहीं है। जिन्हें मात्र परमात्मा से प्रीति है। आप जिस परिवार में रहते हैं, वह परिवार यदि आपके धर्म परिपालन में सहयोगी है तो अपना सातिशय पुण्य समझना। अक्सर देखा जाता है कि किसी परिवार में सुख-शान्ति से सभी का जीवन चन्चल रहा था, आपके परिवार में पुत्र का विवाह हुआ, बहु घर में आई और कुछ ही दिनों में परिवार की शान्ति छिन्न-भिन्न होने लगी। बन्धुओ, भाई-भाई अलग-अलग रहकर भी यदि एक साथ वात्सल्य - प्रेम पूर्वक रहते हैं तो ध्यान रखना, अपनी समाज एक मुढ़िठ की समाज है अर्थात संगठित समाज कहलावेगी। कलिकाल में यदि कहीं शक्ति है तो वह एक मात्र संगठन में ही शक्ति है। यदि आपको समाज में, परिवार में प्रेम को वृद्धिंगत करना है तो आप अनुरोध करना प्रारंभ कर दीजिए। आप अपने अनुरोध को अपने व्यवहार में लाते जाइये, आप देखेंगे आपके जीवन से विरोध स्वयमेव हटते चले जायेंगे। किन्तु जहाँ आपने अपने हाथ संकुचित किए, यदि आप कहने लगें कि मैं कैसे अनुरोध करूँ, मैं किसी के सामने हाथ नहीं जोड़ सकता। ध्यान रखना, यह आपके भीतर का अभिमान बोल रहा है, अभिमान में ऐसा बोलकर आपने अपने परिवार को तोड़ दिया, आपने समाज की एकता को भंग कर दिया। अनुरोध में, विनय में बहुत शक्ति है। आप एक बार अनुरोध कर लीजिए, आज नहीं तो कल सामने वाला भी आपके अनुरोध को स्वीकार अवश्य करेगा

गाय-बछड़ा यदि दूध पिलाते हुए मिल जाए तो लौकिक मंगल कहलाता है, जहाँ एक संत दूसरे संत से मिलन करे तो परमार्थ मंगल है। अरे, एक श्रावक यदि एक श्रावक से मिलन करे, परस्पर वात्सल्य व्यवहार निभाते मिल जायें तो समझ लेना मुझे मंगल का दर्शन हो गया है। (भावी सिद्धो के बीच हो रही है अनंतानंत सिद्धों की आराधना)। **-विशु दीदी**

## स्वयंभू स्त्रोत-1 : लौकिक परिचय से दूर-दार्शनिकता से भरपूर : मुनिश्री संधानसागर जी महाराज



**एलोरा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्यों श्री 108 संधानसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा कि आचार्य समन्नभद्र स्वामी संस्कृत के आद्य कवि थे। उन्होंने अनेक ग्रन्थों की रचना की पर काल की बलिहारी आज मात्र पांच ग्रन्थ ही बचे हैं- आप्त मीमांसा, युक्तानुशासन, स्तुति विद्या, रत्नकरण्ड श्रावकाचार एवं स्वयंभू स्तोत्र। आज से उसी वृहद स्वयम्भू स्तोत्र पर प्रवचन श्रंखला शुरू हुई। मुनिश्री जी ने ग्रंथकार एवं ग्रन्थ विषय पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयम्भू स्तोत्र का पहला अक्षर स्वयम्भू है इसलिए नाम ही इसका स्वयम्भू स्तोत्र पड़ गया। जैसे-भक्तामर स्तोत्र एवं कल्याण मंदिर स्तोत्र मुनिश्री जी ने कहा कि आचार्य समन्तभद्र बहुलवादी दार्शनिक, कवि, वाम्भी थे। कहा जाता है कि जैसे 84 लाख योनि में मनुष्य योनि दुर्लभ है, वैसे ही समन्तभद्र स्वामी की वाणी सुनना दुर्लभ है। अनेक स्वयंभू स्तोत्र प्रचलित है पर ये वृहद स्वयंभू स्तोत्र बिल्कुल भिन्न है। इसमें भक्ति एवं स्तुति दोनों है पर सबसे हटकर है, क्योंि इसमें तीर्थंकरों के लौकिक परिचय से दूर है और दार्शनिकता से भरपूर है। यह पूरा स्तोत्र व्यक्तिवाद से दूर गुणों से भरपूर है। पूज्यश्री ने एक श्लोक का अर्थ भी बताया- स्वयंभू, प्राणी हितकाण, ज्ञान प्रकाशक एवं गुणों के भण्डार थे। आदिनाथ भगवान मेरे कर्मों का क्षय करो।

**आचार्य पदारोहण दिवस मनाया :** मुनिद्वय के सान्निध्य में आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज का आचार्य पदारोहण दिवस एलोरा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी लोगों ने पूजा की। मुनिश्री संधानसागर जी महाराज के मधुर कण्ठ से ज्ञान सागर जी महाराज के प्रति उद्‌गार सुनने को मिला। हीरे को परख लिया आचार्य ज्ञान सागर..जिनकी प्रतिमा इतनी सुन्दर वो कितना सुन्दर होगा। मुनिश्री जी ने कहा कि इतिहास की एक मात्र घटना है। जिसमें गुरू नीचे बैठ शिष्य को ऊपर बैठाकर सल्लेखना का निवेदन किया। यह भी एकमात्र घटना जिसमें गुरू दक्षिणा में किसी शिष्य को आचार्य पद दिया हो। **-विद्यावाणी संकलन**

## पावागिरि में वार्षिक मेला के दूसरे दिन मुनि पदम सागर महाराज का हुआ मंगल आगमन

**आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 51वां आचार्य पदारोहण दिवस मनाया गया**





**तालबेहट/ललितपुर ( विश्व परिवार )।** वीर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में प्रतिवर्ष अगहन वदी 2 से अगहन वदी 5 तक आयोजित होने वाले 5 दिवसीय वार्षिक मेला का 29 नवंबर को देवआज्ञा, गुरूआज्ञा, आचार्य निमंत्रण, घटयात्रा के बाद ध्वजरोहण जाप्यानुष्ठान से शुभारम्भ हुआ। परम तपस्वी संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का 51वां आचार्य पदारोहण दिवस मनाया एवं रात्रि में महाआरती की गयी। आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि पदम सागर महाराज का बबीना चातुर्मास से विहार कर रात्रि विश्राम ग्राम बडौरा में हुआ। दूसरे दिन गुरुवार को सुबह पावागिरि प्रबंधकारिणी समिति के तत्वाधान में भव्य आगुवानी के मध्य मुनि श्री का मंगल प्रवेश पावागिरि में हुआ।

मुनि श्री पदम सागर जी महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए तीर्थ क्षेत्र पर धार्मिक अनुष्ठानों के महत्व का गुणानुवाद किया एवं आत्मा का कल्याण करने के लिये संयम का मार्ग बताते हुए धर्म का मर्म समझाया। पं. विनोद कुमार शास्त्री बबीना के निर्देशन में अतिशययुक्त चमत्कारी बाबा मूलनायक भगवान पारसनाथ स्वामी एवं चौबीसी के मूलनायक भगवान चंद्रप्रभ भगवान का मस्तिकाभिषेक शांतिधारा एवं दुःख दर्द निवारण और मनोकामना पूर्ति के लिए पारसनाथ दरबार और रात्रि में प्रदीप जैन एंड पार्टी ललितपुर के मधुर संगीत में मंगल आरती, शास्त्र प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अहिंसा सेवा संगठन के संस्थापक विशाल जैन पवा ने जानकारी देते हुए बताया की वार्षिक मेला के तीसरे दिन 1 दिसम्बर को वेदी शिलान्यास दोपहर की बेला में जल विहार के कार्यक्रम में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी एवं गजरथ वेदी पर वार्षिक कलशाभिषेक, फूलमाल, रात्रि में मां जिनवाणी विद्यासागर दिगम्बर जैन पाठशाला द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 2 दिसम्बर को त्रिकाल चौबीसी के मूलनायक संकटमोचक मुनिसुव्रत नाथ भगवान का महामस्तिकाभिषेक दोपहर की बेला में क्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन उपरांत विमानोत्सव कार्यक्रम में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी एवं पाण्डुकशिला पर वार्षिक कलशाभिषेक के साथ स्वर्णभद्रादि मुनिराजों का निर्वाण महोत्सव मनाया जायेगा। 3 दिसम्बर को सर्वविघ्नहरण पारसनाथ विधान के उपरांत आगन्तुक विद्वानो का सम्मान समारोह किया जायेगा। जिसके लिए अध्यक्ष ज्ञानचंद्र जैन पुरा, मंत्री जयकुमार जैन कन्धारी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद्र जैन भड़रा सहित क्षेत्र प्रबंध समिति ने तैयारी पूर्ण कर ली है। **-विशाल जैन पवा**

## महासमुंद पुलिस ने ढाई करोड़ से ज्यादा का गांजा किया जब्त

**रायपुर ( आरएनएस )।** महासमुंद जिले की पिथौरा पुलिस ने पिथौरा के एक ढाबे में लावारिश खड़े 10 चक्का ट्रक से ढाई करोड़ रूपए से ज्यादा कीमत का 517 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपियों ने बढ़े ही शातिराना तरीके से चांवल की बोरियों के नीचे गांजा छुपाकर रखा था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। वहीं मामले में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि बरगढ ओड़िशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा का बडा खेप 10 चक्का ट्रक में ओडिशा से महासमुन्द होते हुये रायपुर मध्यप्रदेश, दिल्ली ले जाने वाला है। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक महासमुन्द धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा एनएच 53 के समस्त थाना प्रभारियों एवं सायबर सेल की टीम को त्वरित कार्यावाही करने के लिए निर्देशित किया व महासमुंद जिले में प्रवेश करने वाले समस्त पाईंटों पर भी बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी।

इसी दौरान एक 10 चक्का ट्रक क्रमांक 04 जेडसी 2783 सांकरा, बसना की तरफ से आकर ग्राम राजा सेवैया आकाश आटो पार्ट के सामने नेशनल हाईवे 53 अवतार ढाबा के पास खड़ी हुई थी जिसमें वाहन चालक नही था। पिथौरा में वाहन को बिना वाहन चालक के खड़ा देख नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरों की टीम एवं थाना पिथौरा की पुलिस टीम को संदेह हुआ है जिसके आधार पर वाहन की तलाशी ली गई। वाहन के पीछे ट्राली में 295 नग प्लास्टिक के बोरी में चावल का खण्डा भरा हुआ जिसमें विभिन्न प्रकार का चावल का खण्डा प्रत्येक बोरी में लगभग 50 किलो चावल भरा हुआ बोरियों को हटाने के बाद नीचे 18 नग अन्य बोरी भरा हुआ मिला। जिसे खोलकर देखने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।

वाहन में कुल 18 नग प्लास्टिक बोरियों में कुल 517 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसके बाद पुलिस की टीम ने 5 क्विंटल 17 किलो ग्राम गांजा कीमत लगभग 2 करोड़ 58 लाख 50 हजाार रूपये, 10 चक्का ट्रक तथा 295 नग खण्डा चावल कीमत लगभग ढाई लाख रूपये को जप्त किया गया। वहीं घटना में संलिप्त आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत थाना पिथौरा में कार्यवाही की जा रही है।

## शिक्षा विभाग की कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने की समीक्षा

**दुर्ग ( आरएनएस )।** कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों में सेजेस एवं नॉन सेजेस स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षकों को प्रोत्साहित करने को कहा ताकि वे निरंतर अपने-अपने स्कूलों में कुछ न कुछ स्कूल व विद्यार्थियों की बेहतरी को ध्यान में रखते हुए प्रयास करते रहें। जिले में गठित विषय विशेषज्ञों के समूह के द्वारा जिले के समस्त विषय शिक्षकों का एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम अर्द्धवार्षिक परीक्षा के पश्चात किया जाएगा। बच्चों की विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए बच्चों के पालकों की मीटिंग लेने को कहा, ताकि बच्चों के स्कूल नही आने की वजह प्राप्त हो सके। उन्होंने जिले में एकल शिक्षक स्कूल के तहत संचालित स्कूलों की जानकारी ली। उन्होंने सभी विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों की जानकारी ली।

इस पर शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक उपस्थित हैं। जिले के विषयवार बेस्ट शिक्षक का चिन्हांकन कर पीयर ग्रुप की मदद से अन्य शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि करने को कहा।

## कोलारस में निकली श्री जितेन्द्र देव की भव्य रजत रथयात्रा, जगत कल्याण की कामना के लिए की महा शान्ति धारा

**जय जय कर के साथ भक्तो ने उतारी आरती**

**कोलारस ( विश्व परिवार )।** श्री मद् जिनेन्द्र रजत विमान महोत्सव रथयात्रा एवं वार्षिक कलाशाभिषेक का भव्य आयोजन आचार्य श्री विद्यासाग जी महाराज के आशीर्वाद सकल दिगम्बर जैन समाज पंचायत कमेटी के तत्वावधान में नगर गौरव प्रतिष्ठा चार्य अंसू भइया के मंत्रोच्चार के साथ बड़े जैन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उत्सव वाटिका परिसर पहुए कर वार्षिक कलशाविषेक समारोह में वदल गई जहां भक्तो की जय जय कार के वीचभगवान के कलशाविषेक किया गया।



वार्षिक कलाशाभिषेक समारोह में मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज वार्षिक रथयात्रा ऐसी प्रतीत हो रही थी जैसे की बड़े शहर का बहुत बड़ा आयोजन हो क्या युवा क्या महिला मंडल पाठशाला के वच्चो का प्रदर्शन सभी का उत्साह ला जबाब था बर्षावाद आज कोलारस की सड़कों पर धूम मची थी नाचते गाते युवाओं की टोपी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज कहते हैं कि वार्षिक विमान महोत्सव के गंधोदक की महिमा और शक्ति सबसे न्यारी है सभी को वार्षिक महोत्सव का गंधोदक अपने सिर पर धारण करना चाहिए धर्म हमें जीवन जीने की कला सिखाता है आज भौतिकता की चकाचौंध के वीच धर्म को संभाल कर रखना बड़ी चुनौती है आज वच्चो से लेकर बुजुर्ग तक को सीख देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

प्रतिष्ठा चार्य अंसू भइया ने कहा कि हम सब नवीन जिन मन्दिर के लिए अपना दिल खोलकर दान दें और मन वनाये की नौ नौ विशाल जिन प्रतिमाओं को नवीन भव्य जिनलाय में विराजमान करने के लिए सीघ मन्दिर का काम शुरू कर सकें इसके लिए आप सभी का मुक्त हस्त से सहयोग आवश्यक है उन्होंने वार्षिक कलाशाभिषेक एवं जगत कल्याण की कामना के लिए शान्ति धारा के मंत्रोच्चार करते हुए कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के वावन वे आचार्य पद दिवस पर हमें प्रभु को रथ में विराजमान कर उत्सव मनाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है

इसके पहले श्री पंचायती बड़े मन्दिर से भगवान जिनेन्द्र देव की रथयात्रा निकाली गई सरार्फा जैन मन्दिर से पुराना बाजार जैन से छोटे जैन मन्दिर प्राचीन जैन मन्दिर होते हुए मैन वजार में पहुंच कर धर्म सभा में वदल गई जहां भगवान की फूल माला लेने का सौभाग्य विनोद कुमार सन्तोष कुमार सिघई भोपाल वालों ने प्राप्त किया।

बही वार्षिक कलाशाभिषेक में सौधर्म इन्द्र कैलाश चन्द्र सौरव कुमार रवि प्रेस इसान इन्द्र विनोद कुमार सन्तोष कुमार सिघई भोपाल वाले सनत इन्द्र विनोद कुमार माहेन्द्र इन्द्र वावूलाल मयंक कुमार परिवार को मिला वहीं भगवान की फूलमाला विनोद कुमार सन्तोष कुमार सिघई भोपाल परिवार को समाज के प्रमुख जनों ने पहनाई इस दौरान पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार पत्ता वाले शिवपुरी डी के जैन सहाब प्रमोद चौधरी प्रवीण सर्राफा सुकमाल जैन डॉ महावीर जैन कैलाश चन्द्र जैन शिवपुरी रमेश चन्द्र साखनौर देवेन्द्र जैन लाज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र जैन गोटू भ इया नपा अध्यक्ष रविन्द्र शिवहरे जिवंधर साराफ अरुण सिंघई अंकित जैन जिवन्धर जैन पंकज जैन सौरव जैन शुभंव अजय जैन संजय साखनौर अंकित सराफ सहित अन्य प्रमुख जनो उपस्थित थे।

**विमान के साथ शोभायात्रा पहुंची उत्सव वाटिका परिसर हुए कलश :** यह शोभायात्रा मैनबजार से मुख्य मार्ग पुराना थाना होते एप्रोच रोड होते हुए नेशनल हाईवे स्थित उत्सव वाटिका परिसर पहुए पहुंच कर धर्म सभा में वदल गई शोभायात्रा में आगे आगे वैड वाजे उनके पीछे लालडेस में वालिकाओ की टोली नृत्य गान करते हुए उनके पीछे वालिका मंडल डांडिया नृत्य करते हुए उनके पीछे सेवा दल का वैन्ड इसके बाद जय जय कार करते हुए समाज के प्रमुख जन साथ चल रहे थे उनके पीछे महिला मंडल डांडिया नृत्य करते हुए सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे इसके बाद संगीत मंडली भजन कीर्तन करते भगवान के रजत वन के आगे चल रही थीं विराजमान श्री जी की भक्त आरती उतार कर श्री फल भेंट कर स्थान स्थान पर स्वागत कर प्रभु की जय जय कार कर रहे थे। **-विजय धुर्रा**

## हार के बहाने तलाशने भाजपा चुनाव आयोग जा रही : कांग्रेस

**भाजपा का चुनाव आयोग में जाना यह बताने के लिये पर्याप्त भाजपा चुनाव हार रही है : दीपक बैज**

**जनता ने भाजपा पर भरोसा नहीं जताया तो भाजपा बौखला गयी**



**रायपुर ( आरएनएस )।** भाजपा के द्वारा बार-बार चुनाव आयोग जाना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा चुनाव हार रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा अपने तय हार के लिये अभी से बहाना तलाश कर रही है। इसीलिये भाजपा के नेता रोज-रोज नये बहाने तलाशने चुनाव आयोग पहुंच कर आरोप लगाते है। भाजपा कभी निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाती है, तो कभी जिलों के अधिकारियों को धमकाती है, तो कभी स्ट्रांग रूम में गड़बड़ी के मनगढ़त आरोप लगाती है। भाजपा की यह बौखलाहट बताती है कि भाजपा चुनाव में बुरी तरह से पराजित हो रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा द्वारा लगातार बयानों और चुनाव आयोग में गलत शिकायत करके अधिकारियों को धमका रही है। चुनाव में तय हार की खीझ से भाजपाई अधिकारियों को धमकाने और डरवाने पर उतर आये हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पायेगी। भाजपा के नेता सरकार बनाने के मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे है। राज्य में कांग्रेस की सरकार दो तिहाई बहुमत के साथ वापस आएगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन थी चुनाव में भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का जम कर दुरूपयोग किया। जनता ने भाजपा के सारे षड़यंत्रों को नकार कर उसके खिलाफ मतदान किया है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



# गोबर की लकड़ी बनाकर महिला समूह कर सकती है अतिरिक्त आय : विजय दयाराम

## मुख्य मार्गों में मलबा डालने वालों के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही के निर्देश





**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बुधवार की सुबह शहर के एसएलआरएम सेंटरों का निरीक्षण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डोगाघाट में संचालित सेंटर को गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद और गोबर से लकड़ी बनाने वाले सेंटर के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सेंटर में कार्य करने वाली महिला समूह को गोबर की लकड़ी बनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए, उक्त लकड़ियों का उपयोग मुक्तिधाम में करवाने कहा ताकि समूह के सदस्यों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो। डोगाघाट सेंटर में गोबर से बिजली बनाने वाले यूनिट में उपयोग हुए गोबर को भी लकड़ी बनाने में प्रयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसएलआरएम सेंटरों में स्थित वर्मी खाद को डोगाघाट में स्थानांतरित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सेंटरों में कचरा कलेक्शन को सख्ती से करवाने और शहर के मुख्य मार्गो में मलबा डालने वालों के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। सभी एसएलआरएम सेंटर की जमींन को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण दौरे में आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी भी रहे। कलेक्टर विजय ने प्रवीर वार्ड स्थित एसएलआरएम सेंटर की महिलाओं से चर्चाकर परिसर की साफ सफाई के साथ साथ प्रत्येक दिन कचरा प्रबंधन के लिए महिलाओं को अधिक मेहनत कर वेस्ट मटेरियल से अतिरिक्त आय का जरिया बनाने के लिए जोर दिया। उन्होंने सेंटर में स्थापित मशीन का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए कहा। परिसर में कचरा प्रबंधन को नियमित कर ज्यादा वेस्ट मटेरियल वाले सेंटरों से प्राथमिकता से हटाने के निर्देश दिए। इस कार्य के लिए एमआरएफ के कर्मियों को भी संलग्न करने कहा। सेंटर के बाहर रखे मलबा और कचरा को हटाकर समतल करने निर्देश दिए। इसके उपरांत महाराणा प्रताप वार्ड के एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही कंगोली स्थित नगर निगम के 5.5 एकड़ में फैले डंपिंग यार्ड का जायजा लिया। उन्होंने यार्ड को डी क्लेम करने और मैदान का नजरी नक्शा बनाकर देने के निर्देश दिए। डंपिंग यार्ड में रखे पुराने मशीनों का इस्तेमाल और कंडम घोषित करवाने के संबंध में भी चर्चा किया गया। उन्होंने कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित निराकरण करने तथा डंपिंग यार्ड में सिर्फ नालियों के कचरा को ही लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने धरमपुरा एसआरएलएम सेंटर का निरीक्षण के दौरान पहुंच मार्ग को व्यवस्थित करने और परिसर के आसपास के जगह को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

# संक्षिप्त समाचार



## जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह में जन शिक्षण संस्थान बस्तर ने समृद्धि के साथ आयोजित किए कई कार्यक्रम

**जगदलपुर( विश्व परिवार )।** जन शिक्षण संस्थान बस्तर ने 15 नवंबर से 26 नवंबर तक मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों, गावों, शहरो व सेंटरों में कई ज्ञानवर्धन और खेलकूद, जागरूकता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सप्ताह के दौरान स्कूलों में निबंध लेखन, सेंटरों में रंगोली प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, शैक्षणिक जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान, स्कूलो में प्लांटेशन रैली, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सेंटरों में खेल कूद, योगा इवेंट, और जनजातिया जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रशिक्षणकर्ता और प्रशिक्षणाथीयी को समापन समारोह में सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्रों के साथ हुई सम्मान समारोह ने इन उत्कृष्ट साक्षरता और सांस्कृतिक क्रियाओं में योगदान करने वालों को उत्साहवर्धन करने का एक नया माध्यम प्रदान किया है। जन शिक्षण संस्थान बस्तर के प्रमुख सुशिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस सप्ताह का आयोजन सामाजिक सद्भावना और सांस्कृतिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान इसी प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में शिक्षा, सामाजिक विकास और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। परियोजना निदेशक बी. नागेश जी के द्वारा इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों का विवरण दिया गया तथा इसमें सम्मिलित कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार पाण्डेय, सहायक कार्यक्रम अधिकारी ईशा यादव, कमल यादव, हरी मोहन राय तथा समस्त परियोजना के प्रशिक्षण कर्ता एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

## परिचित को बचाने के लिए गेंग रेप व छेड़छाड़ की लिखाई झूठी रिपोर्ट

**कोण्डागांव( विश्व परिवार )।** जिला कोडागांव के थाना केशकाल में दो अलग-अलग प्राथीर्यों द्वारा की गई एक झूठी रिपोर्ट सामने आया हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक नाबालिक पुत्री के साथ दिनांक 25 नवंबर को हुए बलात्कार एवं छेडछाड़ के किस्से का दावा किया गया हैं। प्राथीर्यों की रिपोर्ट के आधार पर थाना केशकाल में अपराध की पंजीबद्धि हुई, लेकिन शुरुआती जाँच करने पर एक अद्यतित दृष्टिकोण सामने आया। एक संयुक्त पुलिस एवं साइबर शाखा की टीम ने घटना के सीधे संदर्भ को जाँचा और रिपोर्ट को झूठा पाया। टीम का अनुसरण मोबाइल काल डेटा, टॉवर डम्प एनालिसिस और साइबर फॉरेंसिक्स एविडेन्स के साथ किया गया, जिससे प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार पुलिस ने रिपोर्ट को झूठा साबित किया। प्रार्थियों के द्वारा दिखाए गए नकाब पोश व्यक्तियों के साथ हुए बलात्कार एवं छेडछाड़ के आरोपों को साबित करने में असमर्थता प्रमाणित हुई। विवेचना में प्राप्त हुआ कि, पीड़िता का नाबालिक दोस्त अपचारी बालक था, जिसने दिनांक 25 नवंबर को पीड़िता के साथ बलात्कार किया था। पीड़िता के साथ उसकी सहेली के बीच छेड़छाड़ की घटना नहीं हुई थी। प्राधिकृत्य की स्थिति में, पुलिस ने अपचारी बालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए उचित कदम उठाने का निर्णय लिया हैं और मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं। इस पूरे मामले में केशकाल पुलिस और साइबर शाखा की संयुक्त टीम को बड़ा योगदान दिखा गया है, जिसने त्वरित और सटीक जाँच के माध्यम से इस झूठे मामले की पहचान करने में सफलता प्राप्त की है।

## दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने फिर मचाया आतंक, मोबाइल टावर में लगाई आग

**दंतेवाड़ा ( विश्व परिवार )।** जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने हर्राकोडेर गांव में लगे मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया। ये क्षेत्र अबुझमाड़ का क्षेत्र है। जहां नक्सलियों ने टावर को निशाना बनाया है, ये गांव बारसूर से नारायणपुर जाने वाले मार्ग पर है। दंतेवाड़ा में चुनाव के दौरान बैकफुट में रहने वाले नक्सली अब प्राइवेट और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। रविवार की रात भांसी में जमकर उत्पात मचाने के बाद नक्सलियों ने मोबाइल टावर में की गई आगजनी के बाद प्रेस नोट जारी किया। नक्सलियों ने इसकी जवाबदारी लेते हुए बैलाडिला से दंतेवाड़ा के बीच बन रही सड़क का विरोध किया है।

# विश्रामपुरी में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** विकासखंड बड़ेराजपुर जिला कोंडागांव में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कंवल सिंह पोया, विशेष अतिथि संकुल प्राचार्य संकुल केन्द्र विश्रामपुरी व माध्यमिक शाला कोडापारा की पूर्व प्रधान अध्यापिका रमो देहारी रही। कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि द्वारा मां सरस्वती की पूजा अराधना करके किया गया। इसके बाद हमारे मुख्य अतिथि कंवल सिंह पोया विकास खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा संकुल केन्द्र विश्रामपुरी के अंतर्गत सभी प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुख, शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्र, छात्राओं को कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के महत्व के बारे मे बताया गया। इसी कड़ी में हमारे विशेष अतिथि के.के.नाग और देहारी ने भी कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के महत्व के बारे मे प्रकाश डाला, कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के उद्बोधन के पश्चात अतिथियों द्वारा विभिन्न संस्थाओ से लेकर आये कबाड़ से जुगाड़ टी.एल.एम.का निरीक्षण किया गया व निरीक्षण करने के पश्चात संकुल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले संस्थाओ को पुरस्कार प्रदान किया गया। कबाड़ से जुगाड़ माध्यमिक वर्ग में कस्तुरबा गांधी विद्यालय विश्रामपुरी प्रथम व माध्यमिक शाला हल्बापारा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया उसी प्रकार प्राथमिक वर्ग मे प्राथमिक शाला विश्रामपुरी प्रथम और प्राथमिक शाला बीरापारा द्वितीय स्थान पर रहें। प्रथम, द्वितीय आने वाले इन चारो संस्थाओ को शील्ड देकर पुरुष्कृत किया गया। कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल केन्द्र विश्रामपुरी के संकुल समन्वयक, सभी प्रधान अध्यापकों, शिक्षक और शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# प्रशिक्षण में मतगणना की प्रक्रिया के हर संशय का समाधान : कलेक्टर दीपक सोनी

## मतगणना कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

**कोण्डागांव ( विश्व परिवार )।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 03 दिसम्बर को होने वाले मतगणना कार्य के लिए मतगणना सहायक, पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में प्रशिक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियमों का पालन करते हुए मतगणना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए बारीकियां बताई गई। इस दौरान डाक मत पत्र और इलेक्ट्रॉनिक रुप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) से प्राप्त मतों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम तथा निर्वाचन सामग्रियों को मुहरबंद करने के संबंध में पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि मतगणना की प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की संशय होने पर उसका समाधान अवश्य प्राप्त करें, जिससे मतगणना केन्द्र में पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्य संपादित किया जा सके। उन्होंने पूरे अनुशासन के साथ मतगणना कार्य के संपादन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना के प्रत्येक चक्र के उपरांत अभिकर्ताओं द्वारा संतुष्टि जताए जाने पर ही अगले चक्र की गणना प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतगणना के लिए यह अत्यंत आवश्यक है, कि सभी नियमों को भलीभांति ज्ञान हो। उन्होंने मतगणना प्रारंभ करने के पूर्व मौके पर उपस्थित उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी अनिवार्य रूप से देने को कहा।

# हरवेल में अनजान व्यक्ति ने गाड़ी में लगाई आग



**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कोंडागांव जिला अंतर्गत ग्राम हरवेल में सोमवार रात एक अनजान व्यक्ति ने हरिनाथ मंडावी के रिश्तेदार संभु पांडे के घर के सामने पार्क की गाड़ी को आग लगाई और फिर फरार हो गया। इस घटना का रिपोर्ट अब तक दर्ज नहीं किया गया हैं। गाड़ी का नंबर पहचानना मुश्किल हो गया हैं। जानकारी अनुसार हरिनाथ मंडावी निवासी हरवेल में अपने रिश्तेदार के यहां रुके हुए थे और उनकी पार्क की गाड़ी को सोमवार रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाई। घटना का रिपोर्ट तक पहुँचाने में अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं। गाड़ी को आग लगाने वाले व्यक्ति की पहचान अभी तक संभावना से बाहर हैं। इस घटना के पीछे का कारण भी अभी स्पष्ट नहीं हैं और रिपोर्ट के अधिक विवरण के लिए पुलिस की जांच जारी हैं।

# कोकोड़ी में विधिक साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को दी गई विधिक जानकारी



**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार और अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंधन कार्यालय व सुनील कुमार मरकाम पी.एल.व्ही. प्रबंध कार्यालय के द्वारा शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कोकोड़ी के छात्र-छात्राओं में विधिक जागरूकता लाने के उदेश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में व बाल मजदूरी (निषेध एवं नियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार, 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम में नहीं लगाया जाना चाहिए अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध में, आरटीई अधिनियम 2009 के रूप में जाना जाता है जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21। के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटरयान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में, सालसा द्वारा संचालित पहचान अभियान के संबंध में एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100, नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई क्योंकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित नहीं रहे। इस अवसर पर पी.एल.व्ही. रविन्द्र बघेल एवं शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कोकोड़ी के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# नियमों के अनुरूप तनावमुक्त होकर करें मतगणना कार्य : कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

## कलेक्टर ने मतगणना दलों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के दिए निर्देश



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. की उपस्थिति में बुधवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में मतगणना प्रक्रिया के संबंध में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिले में मतगणना कार्य हेतु माईक्रो आब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों का दायित्व नारी शक्ति को दी गई है। इस मौके पर कलेक्टर विजय ने कहा कि 3 दिसम्बर को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना शासकीय आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा स्थित मतगणना केन्द्र में की जाएगी। मतगणना केन्द्र में मतगणना अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, जो जिम्मेदारी दी गई है उसे नियमों के अनुरूप तनावमुक्त होकर पूरी शिद्दत से करें। कलेक्टर ने मतगणना से सम्बंधित अधिकारियों और मतगणना दलों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं मतगणना दल मतगणना के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रत्येक प्रक्रिया की पूरी जानकारी लेने सहित उसे बारीकी से समझें, अपनी शंकाओं का समाधान अवश्य कर लेवें ताकि मतगणना कार्य को नियमानुसार बेहतर ढंग से संपन्न कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईटीपीबीएस, डाकमत पत्र, ईव्हीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के सबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। साथ ही मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं ईटीपीबीएस, डाकमत पत्रों एवं ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। इसके साथ ही ईटीपीबीएस की गणना के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए मॉक काउंटिंग करके देखा तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, नोडल अधिकारी प्रशिक्षण सयुंक्त कलेक्टर सुनील शर्मा सहित तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## व्यापार समाचार

## छुट्टियों के इस सीज़न अपने रिश्तों का जश्न मनाएं प्लेटिनम लव बैण्ड्स के साथ

**रायपुर ( एजेंसी )।** सर्दियों और छुट्टियों के इस सीज़न पीजीआई प्लेटिनम लव बैण्ड्स लेकर आए हैं, खासतौर पर शादियों के लिए डिज़ाइन किया गया एक्सक्लुज़िव कलेक्शन जो रिश्तों को नई परिभाषा देगा। साल खत्म होने जा रहे है, इस मौके पर कपल्स इन खास प्लेटिनम बैण्ड्स के साथ अपने हंसी-खुशी के पलों को फिर से तरोताज़ा कर सकते हैं। त्योहारों एवं सर्दियों के रोमांस के इस सीज़न ये बैण्ड उनके दुर्लभ प्यार की अभिव्यक्ति करेंगे। तो आपके प्यार की तरह कीमती प्लेटिनम के साथ अपने दुर्लभ प्यार का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। माना जाता है कि 2 बिलियन साल पहले एक उल्कापिण्ड के टूटने से धरती में प्लेटिनम आया। यह कीमती धातु दुनिया भर में कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही पाया जाता है और सोने की तुलना में 30 गुना दुर्लभ है। इसकी बेजोड़ क्षमता सुनिश्चित करती है कि इसमें कोई बदलाव न आए, यह अपनी सफेद प्राकृतिक चमक कभी नहीं खोता, और इसीलिए इसे कपल्स के अटूट प्यार की ताकत और क्षमता के समान माना जाता है। ये कपल्स अच्छे-बुरे हर समय में मजबूती से एक दूसरे का साथ निभाते हैं। प्लेटिनम डायमण्ड और अन्य कीमती रत्नों पर भी मजबूत पकड़ बना लेता है और प्राकृतिक सफेद चमक के साथ शानदार लुक देता है। 95 फीसदी शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बने प्लेटिनम लव बैण्ड्स प्यार का प्रतीक हैं। ऐसा प्यार जो आधुनिक मूल्यों के साथ एक दूसरे की जीत का जश्न मनाता है, जो उन्हें पारम्परिक भूमिकाओं के दायरे से आगे बढ़कर एक साथ मिलकर सभी ज़िम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित करता है। जीवन के खास पलों में एक दूसरे के लिए प्रतिबद्धता का जश्न हो या सालगिरह का खास मौका या कोई अन्य पल, कपल्स अपने जीवन की हर उपलब्धि को विशेष महत्व देते हैं। आप साल के अंत के नज़दीक जा रहे हैं, ऐसे में प्लेटिनम लव बैण्ड्स की ओर से सीज़न के नए कलेक्शन के साथ अपने रिश्तों का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं।

**इम्परफेक्टली परफेक्ट**-जब भी आप एक दूसरे के इम्परफेक्शन यानि खामियों को अपना लेते हैं, तो आपको अपना प्यार मिल जाता है। ये प्लेटिनम लव बैण्ड्स एसिमिट्रिकल तरीके से डिज़ाइन किए गए हैं, जो आपको इम्परफेक्शन में भी खूबसूरती की तलाश में सक्षम बनाते हैं। वे आपको याद दिलाते हैं कि आपको हमेशा एक दूसरे को अपनाना है फिर चाहे समय कितना भी इम्परफेक्ट हो। दुर्लभ धातु प्लेटिनम से ने इन लव बैण्ड्स में जड़े हीरे इन्हें और भी खूबसूरत बना देते हैं। तो प्लेटिनम लव बैण्ड्स के साथ अपने प्यार का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं।

**एंकर्ड इन स्ट्रैन्थ यानि ताकत से जुड़े** -जब भी आप महसूस करते हैं कि आपका प्यार आपको जीवन की चुनौतियों को झेलने की क्षमता देता है, आप जान जाते हैं कि आपको कुछ दुर्लभ मिल गया है। ये लव बैण्ड्स चमकदार सेंटर के साथ इस बात की अभिव्यक्ति करते हैं कि किस तरह से आपका प्यार आपकी दुनिया को जगमगा देता है। असाधारण प्लेटिनम से बने ये लव बैण्ड प्यार की क्षमता का प्रतीक हैं।

## मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने उत्तर भारत में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के सर्वोत्तम केंद्र के रूप में बनाई है अपनी पहचान

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** मारेंगो एशिया हॉस्पिटल ऑर्गन ट्रांसप्लांट के मामले में सबसे आगे है, जिसमें हार्ट और लंग्स ट्रांसप्लांट को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और सबसे जटिल सर्जरी माना जाता है। अहमदाबाद के अस्पताल में लंग्स ट्रांसप्लांट कार्यक्रम की कमान लंग्स ट्रांसप्लांट के डायरेक्टर, डॉ. ज्ञानेश ठक्कर और उनकी टीम के हाथों में है।इन्टर्स्टिशल लंग्स डिजीज फेफड़ों पर बुरा असर डालने वाले सामान्य कारकों में से एक है, जो कई तरह के रोगों का एक समूह है। इसमें इंटरस्टिटियम, यानी फेफड़ों में हवा की थैली के चारों ओर मौजूद और उन्हें सहारा देने वाले टिश्यू में सूजन और घाव (फाइब्रोसिस) हो जाता है। इन बीमारियों उनकी वजह से फेफड़ों को लगातार नुकसान हो सकता है और इस अंग के कामकाज में रुकावट आ सकती है। इन्टर्स्टिशल लंग्स डिजीज कई वजह से होते हैं, जिनमें पर्यावरण से जुड़े जोखिम, ऑटोइम्यून रोग, संक्रमण और आनुवंशिक कारक शामिल हैं। इन्टर्स्टिशल लंग्स डिजीज के विशेष लक्षणों में साँस लेने में तकलीफ, लगातार होने वाली सूखी खाँसी जो समय के साथ और खराब हो सकती है, थकान, वजन कम होना तथा उंगलियों और पैर की उंगलियों का अकड़ना इत्यादि शामिल है। इन्टर्स्टिशल लंग्स डिजीज का पता लगाने के लिए मरीज द्वारा पहले कराए गए इलाज का अध्ययन किया जाता है, इमेजिंग स्टडी से फेफड़ों की भागीदारी के पैटर्न का पता लगाया जाता है, फेफड़ों के काम करने की क्षमता का पता लगाने के लिए पल्मनेरी फंक्शन टेस्ट किया जाता है, और अंत में बायोप्सी की जा सकती है, जो इन्टर्स्टिशल लंग्स डिजीज होने की पुष्टि के लिए जरूरी है। इन्टर्स्टिशल लंग्स डिजीज के इलाज के लिए एंटी इन्फ्लेमेटरी दवाओं का उपयोग किया जा सकता है, और अगर यह बीमारी ऑटो-इम्यून विकारों से जुड़ी हो तो इसे इम्यूनोसप्रेसिव दवाओं से ठीक किया जा सकता है। इसके अलावा, साँस लेने में तकलीफ को कम करने और खून में ऑक्सीजन के स्तर में सुधार करने के लिए ऑक्सीजन थेरेपी का उपयोग किया जा सकता है। जब ये सभी विकल्प फेफड़ों के कामकाज को पहले जैसा बनाने में कारगर साबित नहीं होते हैं, तब मरीज को लंग्स ट्रांसप्लांट कराना पड़ता है। लंग्स ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के डायरेक्टर, डॉ. ज्ञानेश ठक्कर कहते हैं, ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए विभिन्न क्षेत्रों की विशेषज्ञता वाले टीमों के एकजुट होकर काम करने और अलग-अलग विषयों के माहिर द्वारा साथ मिलकर देखभाल करने की जरूरत होती है, जिसमें टीम का हर सदस्य सही तालमेल और अव्वल दर्जे की विशेषज्ञता के साथ अपना काम करता है। लंग्स ट्रांसप्लांट सभी तरह के ऑर्गन ट्रांसप्लांट में सबसे जटिल सर्जरी में से एक है, जिसमें बीमार व्यक्ति के फेफड़े को मृत दाता के फेफड़े से बदला जाता है।

हम सर्जरी करने के साथ-साथ एक ऐसा इकोसिस्टम भी बना रहे हैं, जिसमें इस बीमारी के लक्षणों को समझने और जल्द से जल्द सही इलाज के लिए फेफड़ों के विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क करने के बारे में जागरूकता फैलाना सबसे ज्यादा मायने रखता है। हम उम्मीद करते हैं कि अंगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाकर हम लंग्स ट्रांसप्लांट कार्यक्रम को आगे बढ़ा सकेंगे, ताकि हम लंग्स फेल्योर के अंतिम चरण के ज्यादा-से-ज्यादा मरीजों की जान बचा सकें। हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट कार्यक्रम के डॉ. धीरेन शाह कहते हैं, मारेंगो सीआईएमएस अस्पताल में हमारे पास बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और डॉ. ज्ञानेश ठक्कर की अगवाई में एक शानदार टीम मौजूद है।

# फीबा ने तीन बाई तीन ओलंपिक क्वालीफायर के दो मेजबानों की घोषणा की

**जिनेवा। ( एजेंसी )।** इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) ने पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 में 3×3 बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए तीन ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (ओक्यूटी) में से दो के लिए मेजबान शहरों की घोषणा की। उत्सुनोमिया, जापान (3-5 मई), को यूनिवर्सलिटी-संचालित ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (यूओक्यूटी) की मेजबानी करेगा जबकि डेब्रेसेन, हंगरी (23-26 मई, 2024) को ओक्यूटी की मेजबानी करेगा। फीबा प्रत्येक टूर्नामेंट में प्रति जेंडर एक कोटा स्थान के साथ दो यूओक्यूटी का आयोजन करेगा और



पेरिस 2024 के लिए प्रति जेंडर तीन कोटा स्थानों के साथ एक यूओक्यूटी शामिल होगा। 30 जुलाई- 5 अगस्त, 2024 को पेरिस में ओलंपिक 3×3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रति जेंडर आठ टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। पुरुष टीमों में सर्बिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन का नाम शामिल है। जबकि महिला टीमों में चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस को 1 नवंबर, 2023 तक उनकी विश्व रैंकिंग के आधार पर पहले ही पेरिस 2024 में बर्थ से सम्मानित किया जा चुका है। 3×3 बास्केटबॉल ने टोक्यो 2020 में अपनी शुरुआत की, जिसमें लातविया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने क्रमश: पुरुष और महिला स्वर्ण पदक जीते।

## आईपीएल का करना होगा इंतजार : पीटरसन

**देहरादून।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के पास आगामी टी20 विश्व 2024 के लिए भारत की टीम में शामिल होने का मौका है। भारतीय क्रिकेट सेटअप में प्रतिभा की गहराई को देखते हुए, वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद कोहली और रोहित के भविष्य को लेकर गहन चर्चा जारी है। जबकि रोहित और कोहली ने वनडे विश्व कप में प्रभावशाली फॉर्म दिखाया।

केविन पीटरसन ने इस बात पर जोर दिया कि आईपीएल 2024 में उनका प्रदर्शन अगले साल जून में होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए उनके चयन पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## विश्व कप : भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने कनाडा को 12-0 से रौंदा

**सैंटियागो ( एजेंसी )।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए बुधवार को टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में कनाडा के खिलाफ 12-0 से शानदार जीत हासिल की। अन्नू (4, 6, 39), दीपी मोनिका (21), मुमताज खान (26, 41, 54, 60), दीपिका (34, 50, 54) और नीलम (45) ने गोल किए। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक रुख के साथ की और कनाडा पर लगातार दबाव डाला और तेजी से बढ़त हासिल की। अन्नू (4, 6) ने पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से दो शुरुआती गोल किए। दो गोल की बढ़त लेने के बावजूद, भारत ने अपनी आक्रामक शैली जारी रखी और कनाडा पर दबाव बनाए रखा। हालांकि, वे शुरुआती क्वार्टर में अधिक गोल करने में असमर्थ रहे क्योंकि अंत उनके पक्ष में 2-0 से हुआ। भारत के लिए पहले क्वार्टर की गति दूसरे क्वार्टर में भी जारी रही, जिससे उसका दबदबा कायम रहा। उन्होंने



लगातार सर्कल में प्रवेश करते हुए कब्जा बनाए रखा जिसके चलते दीपी मोनिका (21) और मुमताज खान (26) ने एक-एक फील्ड गोल किया, जिससे भारत की बढ़त 4-0 हो गई। इस बीच, कनाडा को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके। दूसरे क्वार्टर के समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 4-0 की शानदार बढ़त बनाए रखी। अच्छी बढ़त के बावजूद, भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी अपना आक्रामक रुख जारी रखा। दीपिका (34) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दबदबा बनाए रखा जिसके बाद अन्नू (39) ने अपनी हैट्रिक पूरी की।

# नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप दिल्ली में महिला निशानेबाज अंजुम मोडगिल ने जीते दो मैडल

**चंडीगढ ( एजेंसी )।** विश्व चैंपियनशिप में दो बार रजत पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज अंजुम मोडगिल ने अपनी लय जारी रखते हुए दो मेडल और जीते हैं।

पंजाब पुलिस में कार्यरत अंजुम ने चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के पश्चात अब पंजाब पुलिस में स्पोर्ट्स कोटे में नौकरी हासिल करके नई दिल्ली के डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड पर निशाना लगाया। उन्होंने इंडिविजुअल सिल्वर मेडल 50 मीटर 3 पोजिशन और टीम इवेंट में सिफ्त कौर व वंशिका के साथ गोल्ड मैडल जीता। चंडीगढ़ में जन्मी निशानेबाज, 2024 पेरिस



ओलंपिक कोटा हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गई थी। उन्हें उम्मीद है कि वह अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले चयन ट्रायल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पेरिस के लिए उड़ाई भरेंगी।

# एक्सॉनमोबिल ने पहली एफ4 चैंपियनशिप और इंडियन रेसिंग लीग सीजन 2 को पावर देकर भारत के मोटरस्पोर्ट्स सीन को ऊपर उठाया

**रायगढ़-बेंगलुरु ( एजेंसी )।** एक्सॉनमोबिल इस वर्ष इंडियन रेसिंग फेस्टिवल को पावर देकर भारत के तेजी से बढ़ते मोटरस्पोर्ट्स सेक्टर को ऊपर उठा रहा है, जिसमें देश में पहली बार एफ 4 इंडियन चैंपियनशिप और चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) और नए फॉर्मूला रेसिंग सर्किट (एफसीआर) में आयोजित होने वाली इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) का दूसरा सीजन शामिल है।

यह वर्ष पहली बार भारत और दक्षिण एशिया में शहर के केंद्र में द्वीप मैदानों के आसपास स्थित एफसीआर में रात की रेस का एक रोमांचक कैलेंडर शामिल है।

यह रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड (आरपीपीएल) के साथ एक्सॉनमोबिल की लगातार दूसरे वर्ष की साझेदारी का हिस्सा है, जो देश में मोटरस्पोर्ट्स की लोकप्रियता और पहुँच को बढ़ाने और इसे सभी रेसर्स के लिए अधिक किफायती बनाने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

आईआरएल के साथ साझेदारी का जश्न एमआईसी, चेन्नई में आईआरएल प्री - सीजन टेस्ट में मनाया गया। इस कार्यक्रम में ड्राइवरों ने Mobil vTM उत्पादों का प्रदर्शन किया, इसके अलावा Mobil vTM ब्रांड को पूरे स्थल पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। उत्कृष्ट इंजन प्रदर्शन - जो रेसिंग के लिए केंद्रीय है, उसके लिए असाधारण ट्रैक - रिकॉर्ड वाला Mobil 1 रेसर्स को आत्मविश्वास दे रहा है।

भारत की पहली फ्रैंचाइज़ी - आधारित मोटरस्पोर्ट्स लीग, आईआरएल सीजन 2 शहर - आधारित सात टीमों को एक साथ लाती है। प्रतिस्पर्धी मोटर खेल में विशिष्ट मानक लाते हुए भारत की एकमात्र चार - पहिया रेसिंग लीग और दुनिया की पहली लिंग के प्रति तटस्थ रेसिंग चैंपियनशिप आईआरएल ने मोटर रेसिंग में पहले वर्ष से ही एक अनूठा स्थान बनाया है। रेसिंग के प्रति उत्साही लोगों के लिए प्रदान किए जाने वाले उत्साह के अलावा, आईआरएल कार मैकेनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रमों के माध्यम से मोटरस्पोर्ट्स के लिए प्रतिभा की एक नई पीढ़ी का पोषण भी करता है।

भारत में रेसिंग के लिए एफ 4 इंडियन चैंपियनशिप मानक स्तर को और आगे बढ़ाती है। इसके ग्रिड में 11 ड्राइवर होते हैं जिनके पास सुपर लाइसेंस पॉइंट जीतने का अवसर होता है। इस आयोजन ने दुनिया भर के प्रतिभागियों को आकर्षित किया है, और भारत को मोटर - रेसिंग के वैश्विक लीग में टर्बोचार्ज किया है। एफआईए फॉर्मूला 4 के नियमों के अनुसार विनियमित ओपन व्हील, फॉर्मूला रेसिंग कारों के लिए खुले इस कार्यक्रम ने बहुत बड़े रोमांच के लिए हरी झंडी दिखाई है।





## मारुति सुजुकी जनवरी में कार के दाम बढ़ाएगी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मारुति सुजुकी ने घोषणा की कि वह जनवरी 2024 से अपनी कारों की कीमतें बढ़ाएगी। देश की प्रमुख कार निर्माता ने स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया है कि उसने बढ़ती इनपुट लागत के कारण कार की कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी ने नियामक फाइलिंग में शेयर बाजार को बताया, हालांकि कंपनी लागत कम करने और वृद्धि की भरपाई करने के लिए अधिकतम प्रयास करती है, लेकिन उसे कुछ वृद्धि को बाजार में स्थानांतरित करना पड़ सकता है। कंपनी ने कहा कि कीमत में बढ़ोतरी विभिन्न मॉडलों में अलग-अलग होगी। हालाँकि, इसमें यह नहीं बताया गया कि कितनी बढ़ोतरी की योजना है। इस साल की शुरुआत में अप्रैल में, मारुति सुजुकी ने सभी मॉडलों की कीमतों में बढ़ोतरी की थी।

## शब्द सामर्थ्य -259

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 258 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

## सू- दोकू क्र.259

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.258 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 01 दिसम्बर 2023



## विक्रम जनबंधु का चिंतन 2 व 4 दिसंबर को प्रसारित

**रायपुर (आरएनएस)।** वरिष्ठ पत्रकार, लेखक व कवि विक्रम जनबंधु का चिंतन 02 एवं 04 दिसंबर को प्रातः 6 बजे आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित किया जाएगा। जनबंधु की इसके पूर्व भी कई कहानियां और कविताएं आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित हो चुकी हैं। कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति और समसामयिक विषयों पर उनके लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रहे हैं। उनकी एक कहानी और कविता संग्रह शीघ्र प्रकाशित होने वाला है।

## चि.कनक एवं सौ.कां. राघवी का शुभ परिणयोत्सव सानंद सम्पन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छरिबना, प्रयागराज (उ.प्र.) प्रवासी एवं रायपुर निवासी एडवोकेट श्रीमती अचला-योगेश्वर प्रसाद मिश्रा के सुपुत्र चि. कनक एवं धमतरी (छ.ग.) निवासी श्रीमती माधुरी-श्री राजेश पाण्डेय की सुपुत्री सौ.कां. राघवी का शुभ विवाह गत दिनांक 28 नवम्बर 2023, दिन मंगलवार को श्री शनिदेव मंदिर प्रांगण सुपेला भिलाई में आयोजित समारोह में सोल्लास सम्पन्न हुआ। मंगल परिणय के उपरांत रायपुर के जी.ई. रोड़ स्थित होटल बेबीलॉन केपिटल में आयोजित आशीर्वाद समारोह में शहर के गणमान्य महानुभावों, सगे संबंधियों, इष्ट मित्रों ने उपस्थित होकर वर-वधु को शुभाशीष प्रदान कर सुखी एवं मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं भेंट की।

दैनिक विश्व परिवार की ओर से नव दंपति के भावी यषस्वी सुखी-सुदीर्घ जीवन हेतु शुभकामनाएं।

## मतगणना के लिए भाजपा ने की समुचित व्यवस्था की मांग, प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी सांसद सुनील सोनी, निर्वाचन आयोग संपर्क समिति के संयोजक डॉ. विजय शंकर मिश्रा, रायपुर उत्तर विधानसभा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण प्रत्याशी मोतीलाल साहू प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष मतगणना के लिए जरूरी आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि भाजपा द्वारा नियुक्त मतगणना-अभिकर्ता मतगणना दिवस 3 दिसम्बर को प्रात: 7 बजे से मतगणना स्थलों में उपस्थित हो जायेंगे जिस कारण मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल में मत-गणना को नोट करने हेतु प्लास्टिक के पेन की आवश्यकता है अत: प्लास्टिक के पेन ले जाने की अनुमति दी जावे। मतगणना स्थल पर मतगणना से प्राप्त वोट की एंट्री के लिए पेपर सीट की आवश्यकता है अत: पेपर सीट ले जाने की अनुमति दी जाए जिसमें कि विधानसभा के सभी बूथ का नंबर ईवीएम मशीन के सीरियल का नंबर हो।

भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि मतगणना स्थल पर प्राप्त वोटों को जोड़ने के लिए कैलकुलेटर ले जाने की अनुमति प्रदान की जाए। भाजपा के मतगणना अभिकर्ता प्रात: काल 7 बजे से पूर्व मतगणना स्थल पर उपस्थित हो जाएंगे अत: उनके खानपान की व्यवस्था के लिए भाजपा के कुछ सदस्यों को व्यवस्था पास दिया जाए जिससे वह खानपान इत्यादि आवश्यक व्यवस्था के लिए मतगणना स्थल में प्रवेश कर सकें। मतगणना स्थल पर सीसीटीवी लगाये जाने का प्रावधान हैं। मतगणना स्थल के सभी सीसीटीवी निर्बाध कार्य करें यह सुनिश्चित किया जाय।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने दुर्गूकोंदल में किया बीएलओ का सम्मान

**कांकेर (आरएनएस)।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के साथ तहत 07 नवम्बर को सम्पन्न हुए मतदान में अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में अब तक का सर्वाधिक वोटिंग प्रतिशत 79.79 और भानुप्रतापपुर में 81 फीसदी रहा, जो अब तक किए गए मतदान में सबसे ज्यादा है। इसमें सबसे अहम भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल अधिकारियों की रही। दुर्गुकोंदल और पखांजूर ब्लॉक के बीएलओ को सम्मानित करने आज दोपहर को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सभाकक्ष में पहुंचीं, जहां पर उन्होंने 90 प्रतिशत या इससे अधिक मतदान वाले मतदान केंद्र के बीएलओ और श्रेष्ठ सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के सभी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ और सुपरवाईजरों ने इस बार अभूतपूर्व और ऐतिहासिक योगदान देते हुए लोकतंत्र की नींव मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। डॉ. शुक्ला ने आगे कहा कि उच्चाधिकारियों ने उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करने का काम किया, लेकिन सही मायने में सम्मान के वास्तविक हकदार बीएलओ और सुपरवाइजर ही हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को इस जुनून को कायम रखते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद जाहिर की।

अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील क्षेत्र में स्थित रेंगावाही पोलिंग बूथ में एक दिवस पूर्व हुई घटना का जिक्र करते हुए कलेक्टर ने बताया कि अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वहां के मतदान अधिकारियों और बीएलओ श्री अजीत घोष ने जिस तरह अपने दायित्वों को निभाया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम ही है।

## एनटीपीसी कोरबा को नवंबर 2023 में कई पुरस्कारों से किया गया सम्मानित




**कोरबा (विश्व परिवार)।** एनटीपीसी कोरबा अस्पताल को दिल्ली में आयोजित 31वीं सीएमओ प्रशासनिक बैठक में बड़े अस्पताल श्रेणी के लिए सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवा उपविजेता पुरस्कार जीता। यह पुरस्कार श्री लोकेश महिंद्रा, सीएमओ, कोरबा द्वारा श्री गुरदीप सिंह, सीएमडी, एनटीपीसी लिमिटेड और श्री डी.के. पटेल निदेशक (मानव संसाधन), एनटीपीसी लिमिटेड की गरिमामय उपस्थिति में प्राप्त किया गया।

25 और 26 नवंबर 2023 को एनटीपीसी कोरबा को पीआरएसआई (पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया) अवार्ड्स 2023 में दो पुरस्कार प्राप्त हुए। एनटीपीसी कोरबा ने पीआर श्रेणी में अंग्रेजी में सर्वश्रेष्ठ समाचार पत्र में दूसरा स्थान हासिल किया और परम पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वतीजी, परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश ने एनटीपीसी कोरबा की पीआरओ सुश्री उष्मा घोष को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर श्री सुधांशु त्रिवेदी, राज्यसभा सदस्य, नई दिल्ली, श्री नरेश बंसल, संसद सदस्य (राज्यसभा) और डॉ. संदीप मारवाह, चांसलर, एएएफटी विश्वविद्यालय और मारवाह स्टूडियो, नोएडा भी उपस्थित रहे।

तीसरे स्थान पर एक और पुरस्कार सीएसआर श्रेणी में पीएसयू द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम के लिए था, जिसे सुश्री उष्मा घोष, पीआरओ, एनटीपीसी कोरबा ने राजदूत श्री राजशेखर, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली, श्री राजीव रंजन मिश्रा, वरिष्ठ ऊर्जा सलाहकार, विश्व बैंक और पूर्व सीएमडी, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और प्रोफेसर ध्रुव ज्योति पति, डीन और निदेशक, इंडिया टुडे मीडिया इंस्टीट्यूट, नोएडा की गरिमामय उपस्थिति में प्राप्त किया।

इसके अलावा, नवम्बर के गुणवत्ता माह 2023 के दौरान, टीम एफक्यूए-कोरबा ने विश्व गुणवत्ता माह पैन एनटीपीसी में पहला स्थान (सर्वश्रेष्ठ एफक्यूए) हासिल किया। यह पुरस्कार एनटीपीसी लिमिटेड के ईडी से सीएमडी श्री के. सुंदरम की उपस्थिति में प्राप्त किया गया।

## प्रदेश में घने कोहरे के साथ दिन में बढ़ी ठिठुरन

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही ठंड ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह घने कोहरे के बीच जहां जोरदार ठंड महसूस हो रही है तो वहीं अब दिन में भी ठिठुरन महसूस हो रही है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में तापमान सामान्य से तीन डिग्री पारा नीचे गिर गया है। अब तो सुबह और शाम के समय घने कोहरे से विजिबलिटी में कमी हो रही है। इसके अलावा मौसम विभाग के अनुमान से उत्तर और मध्य इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है। दिन में ठिठुरन के बाद अब लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के चलते तापमान में लगातार बदलाव दर्ज किया जा रहा है।

## एसईसीएल मुख्यालय के 11 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** 30.11.2023 को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 11 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हॉल में महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) श्री आरपी सिंह के मुख्य आतिथ्य, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में श्री ए.के. झा महाप्रबंधक (ईएण्डएम), श्री एसके श्रीवास्तव महाप्रबंधक (सिविल/टीए), श्रीमती किर्ती तिवारी महाप्रबंधक (सिविल/सीएमसी), श्री आरसी गुप्ता वरीय प्रबंधक (सर्वे/एलएण्डआर), श्री एके पाण्डे वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक निदेशक तकनीकी संचालन सचिवालय, श्री अमित मण्डल वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (राजभाषा) निदेशक कार्मिक सचिवालय, श्री प्रमोद कुमार सिन्हा वरिष्ठ वैयक्ति सहायक (सायडिंग), श्री एसटी मेश्राम सुपरवाईजर टेलीकाम (ईएण्डटी), श्रीमती नीलम भिंगरदिवे सिनीयर डीईओ वित्त विभाग, तापस कुमार दत्ता सिनीयर डीईओ एसएण्डएम विभाग, श्री अर्जुन लाल लिपिक ग्रेड-।। वित्त विभाग को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) श्री आरपी सिंह ने अपने उद्‌बोधन में सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को एसईसीएल कम्पनी के उत्थान में अहम रोल बताते हुए उनके सपरिवार उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की।

सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहॉं के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ के अधिकारी-कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं, इस कम्पनी की उत्कृष्ट कार्य संस्कृति है।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (कार्मिक/औसंबं) श्री वरूण शर्मा ने निभाया।

## रेल परिवार से रायपुर मंडल के 12 सदस्य 30 नवम्बर 2023 को हुए सेवानिवृत्त




**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 12 रेल परिवार के सदस्य (06 सामान्य एवं 06 असामान्य) नवम्बर 2023 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत हुए।

इस समारोह में सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी (श्रीमतीनिकिता अग्रवाल), सहायक मंडल वित्त प्रबंधक (श्री निरंजन गुनीराम बडगे), सेवानिवृत्त कर्मी एवंउनके परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 12 रेलकर्मी में यांत्रिकी विभाग से 03, विद्युत विभाग से 02, इंजीनियरिंग विभाग से 03, वाणिज्य विभाग से 01, परिचालन विभाग से 02 एवंसुरक्षा विभाग 01कर्मचारी शामिल है।

सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई।इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति का समस्त भुगतान प्रमाण-पत्रदिया गया। (ई-पेमेंट के माध्यम से सामान्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कुल राशि रुपये3, 92, 73, 547/- का भुगतान किया गया)।पेंशन भुगतान आदेश, सेवानिवृत्त कर्मचारी का पहचान एवं पास पत्र, सेवा मेडल आदि दिनांक 30/11/2023 को प्रदान किया गया।

सहायक मंडल कार्मिक अधिकारीएवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक ने सभी को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा के दौरान अपने दायित्यो का निर्वहन अच्छे से करने पर बधाई दी तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए सेवानिवृत्त जीवन को अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ आनंदपूर्वक व्यतीत करने की बात कही, साथ ही सेवानिवृत्ति के दौरान मिली राशि को सही जगह निवेश करने की सलाह दी।अंत में उन्होंने सभी को सेवानिवृति के पश्चात् सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनायें दी।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर पॉवर कंपनी से सीई क्रान्ति कुमार महोबे की भावभीनी विदाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी से सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता सिविल एयू एंड पीसी (राखड़ उपयोगिता एवं प्रदूषण नियंत्रण) श्री क्रान्ति कुमार महोबे को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर जनरेशन कंपनी के एमडी श्री एस.के.कटियार, डायरेक्टर श्री के.एस.रामाकृष्णा ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रबंध निदेशकगणों ने सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (सिविल) श्री महोबे की 39 वर्षों की सेवाओं को प्रदेश के विद्युत विकास के लिए महत्वपूर्ण निरूपित किया और उनके द्वारा विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में किये गये योगदान की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर श्री महोबे के भाई श्री जन्मेजय महोबे (कलेक्टर कवर्धा) विशेष रूप से उपस्थित थे। सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री महोबे ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशकगण सर्वश्री अशोक कुमार वर्मा, आर.के.शुक्ला, आर.ए.पाठक, एमएस कंवर, सीएल नेताम एवं संदीप मोदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल ने किया।

## कलिंगा विश्वविद्यालय एवं अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बिच समझौता ज्ञापन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग के लिए एक मजबूत ढांचा स्थापित करने के लिए मेसर्स अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन किया। एमओयू का उद्देश्य अनुसंधान और अतिथि व्याख्यान के लिए संकाय और छात्रों के लिए संभावनाओं का पता लगाना है जिससे दोनों संगठनों को पारस्परिक रूप से लाभ होगा।

समझौता ज्ञापन पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इंजिनियर पीके निमोणकर ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य विभिन्न पहलों, व्यावहारिक प्रशिक्षण और संयुक्त प्रयासों के माध्यम से छात्रों के विकास और विकास को बढ़ाना है। इस ज्ञापन को करवाने डॉ. आशा अंभईकर, प्रोफेसर-कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी और डॉ. स्वप्निल जैन, सहायक प्राध्यापक मैकेनिकल विभाग का विशेष योगदान रहा।

कलिंगा विश्वविद्यालय और अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच यह साझेदारी शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने, नवाचार को बढ़ावा देने और वित्त के क्षेत्र में प्रतिभा का पोषण करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा B+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है।

अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड वित्तीय सेवा उद्योग में एक प्रमुख संगठन है, जो अपने ग्राहकों को व्यापक और नवीन वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है। उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, संगठन बाजार में अपनी विशेषज्ञता और विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है।

## सरगुजा संभाग में 10 सीटें जीतेगी भाजपा, 3 दिसंबर को कांग्रेस की रवानगी तय है : संजय श्रीवास्तव



**अंबिकापुर (विश्व परिवार)।** संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। भाजपा जिला संगठन प्रभारी ज्योति नंद दुबे, जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा तथा पूर्व सांसद कमलभान सिंह की उपस्थिति में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2018 के चुनाव में जनता के बीच ऐसा कोई आकर्षण नही था कि कांग्रेस को लाना है लेकिन कांग्रेस ने षड्यंत्र करके झूठे घोषणा पत्र के माध्यम से महिलाओं युवा, किसान तथा आम जनता को ठगने के लिए तमाम वादे किये, और छल पूर्वक सरकार बनाया। पूरे 5 वर्षों तक भूपेश की सरकार केवल बहाना करती रही और घोषणा पत्र में किए हुए कोई भी वादे पूरे नहीं किए। अब 3 दिसंबर को कांग्रेस की रवानगी तय है और सरगुजा संभाग में भाजपा 14 सीटों में कम से कम 10 सीटें जीतकर 2003 का इतिहास दोहराएगी

आगे उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस की सरकार ने पिछले पाँच वर्षों में इस क्षेत्र में ऐसा कोई काम नहीं किया जिसको उपलब्धि माना जा सके। भूपेश सरकार में यहाँ से तीन तीन मंत्रियों के होते हुए सरगुजा अंचल भारी उपेक्षा का शिकार हुआ। आम जनता खासकर यहाँ के आदिवासी समाज के लिए कॉंग्रेस सरकार में ऐसा कोई काम नहीं हुआ जिससे आदिवासी समुदाय के जीवन स्तर में परिवर्तन आया हो या उन्हें प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा हो। जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराकर उन्हें आरक्षण का लाभ दिलाया।

पिछले विधानसभा चुनाव परिणाम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग की 14 सीटें कॉंग्रेस इसलिए जीत पाई थी क्योंकि यहाँ की जनता में स्थानीय टी एस सिंह देव को मुख्यमंत्री बनाने की बात थी तथा जिसको कॉंग्रेस ने भी जनता के बीच जाकर मुद्दा बनाया था। परंतु इस बार आम जनता ने बाबा और कॉंग्रेस को उनकी नाकामी के लिए हराने का मन बना लिया है। क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए टी एस बाबा ने कभी भी सीएम भूपेश बघेल से लड़ाई नहीं की बल्कि पूरे 5 साल सीएम की कुर्सी पाने के लिए भूपेश बघेल से लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि इस बार महिला वोटरों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होने जा रही है। बीजेपी के महतारी वंदन योजना का व्यापक असर महिलाओं में देखने को मिला है। 03 दिसम्बर को जब ईवीएम खुलेगा तो ये बीजेपी के पक्ष में वोट के रूप में आपको दिखाई देगा। कॉंग्रेस में अभी से चुनाव परिणाम को लेकर बौखलाहट दिखाई दे रही है। टी एस बाबा ने तो मीडिया को यहाँ तक कह दिया कि यदि मैं एक वोट से भी जीता तो ये मेरी बहुत बड़ी जीत होगी। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के लोग भी बतौली में बीजेपी को वोट देने वाले लोगों को खुलेआम गाली देते व चुनाव बाद देख लेने की धमकी दे रहे हैं। वोटिंग के दिन उदयपुर में टी एस सिंह देव खुद खड़े होकर अपने गुंडों से बीजेपी कार्यकर्ताओं को पिटवा रहे थे और वीडियो बना रहे थे।

संजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार मतदाताओं का वोट प्रतिशत ये बता रहा है कि भूपेश बघेल सरकार जाने वाली है। मतदाताओं ने इस बार बड़ी खामोशी से वोट किया है, माफियाओं, अपराधियों और गुंडों को संरक्षण देने वाली इस कॉंग्रेस सरकार के खिलाफ़ वोट देकर आम मतदाता डर से कुछ कहना नहीं चाहता।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN /2013/50354